RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 159 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 30 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## पीएम मोदी ने बिहार को दी 48,500 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात

# यह नया भारत है, दुश्मनों को बख्शा नहीं जाएगा : प्रधानमंत्री





**पटना ( बिक्रमगंज )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार की धरती से राज्यवासियों को 48,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। ये परियोजनाएं विद्युत, सड़क, रेल और शिक्षा क्षेत्र से संबंधित हैं।

प्रधानमंत्री ने एनटीपीसी नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्टेज-2 (3×800 मेगावाट), राष्ट्रीय राजमार्गों को चार और छह लेन करने की चार परियोजनाओं, एनएच-922 पर बक्सर-भरौली के बीच गंगा नदी पर पुल निर्माण, और हार्डिंग पार्क, पटना में पांच टर्मिनल प्लेटफार्म का शिलान्यास किया।

इसके अतिरिक्त, दो राष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेन करने की परियोजनाएं, जहानाबाद में नवोदय विद्यालय के 192 बिस्तरों वाले छात्रावास और स्टाफ क्वार्टर का उद्घाटन किया।

सासाराम-अनुग्रह नारायण रोड के बीच स्वचालित सिग्नलिंग और सोन नगर-मुहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री मोदी के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंच पर मौजूद हैं।

रोहतास जिले के बिक्रमगंज के दुर्गाडीह में आयोजित विशाल जनसभा में पीएम मोदी ने भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की और जनता को हाथ जोड़कर नमन किया। उन्होंने कहा, आज मुझे इस पवित्र भूमि पर विकास को गति देने का सौभाग्य मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया ने भारत की ताकत देखी है। यह तो हमारे शस्त्रागार का एक ही तीर है। दुश्मनों को अब समझ लेना चाहिए कि नया भारत किसी को छोड़ता नहीं है। अगर आतंक का फन फिर उठेगा, तो उसे कुचल दिया जाएगा।

उन्होंने बीएसएफ के जवान इम्तियाज की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश के दुश्मनों को अब भारत की सेना की शक्ति समझ आ गई है। पीएम मोदी ने कहा कि यह नया भारत है, जो दुश्मनों (शेष पृष्ठ-4 पर)

### जातीय जनगणना पर क्या बोले नीतीश ?



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए कहा, 48500 करोड़ की परियोजनाएं बिहार की दिशा और दशा बदल देंगी। मैं प्रधानमंत्री को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

मुख्यमंत्री ने जातीय जनगणना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसका फैसला सबसे पहले बिहार सरकार ने लिया था, जबकि अब केंद्र सरकार ने भी इसे मान्यता दी है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग इसका क्रेडिट लेने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बिहार की जनता सब जानती है। सभा के दौरान शेरशाह सूरी कालीन चांदी का सिक्का पीएम मोदी को स्मृतिचिह्न स्वरूप भेंट किया गया, जिससे ऐतिहासिक जुड़ाव को सम्मानित किया गया।

## पटाखा फैक्टरी में विस्फोट चार की मौत, 27 घायल



**पंजाब ( एजेंसी )।** मुक्तसर के लंबी हलके के निकटवर्ती गांव सिंघेवाला-फतूहीवाला के खेतों में स्थित एक पटाखा फैक्टरी में वीरवार देर रात भयंकर विस्फोट हो गया। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि करीब 27 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को तत्काल बठिंडा स्थित एम्स अस्पताल रेफर किया गया है। तेज धमाके की आवाज कई किलोमीटर तक सुनी गई। फैक्टरी की दो मंजिला इमारत कुछ ही पलों में ताश के पत्तों की तरह ढह गई। मलबे के नीचे से अब तक तीन शव बरामद किए जा चुके हैं।

पटाखा बनाने का कार्य उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी ठेकेदार राज कुमार के अधीन किया जा रहा था, जो घटना के बाद से फरार है। घटनास्थल पर कार्सेर कंपनी के लेबल वाले पटाखों के बक्से मिले हैं, साथ ही हरियाणा नंबर का एक लोडिंग वाहन (छोटा हाथी) भी बरामद किया गया है, जो पटाखों से खाली था।

फैक्टरी में करीब 40 कर्मचारी दो शिफ्टों में काम करते थे, जिनमें अधिकांश प्रवासी मजदूर उत्तर प्रदेश और बिहार से थे। कई कर्मचारी अपने परिवार सहित फैक्टरी परिसर में ही रहते थे। पैकिंग यूनिट में काम करने वाले एक कारीगर अरुण सक्सेना ने बताया कि वह बाहर सो रहे थे, तभी अचानक तेज धमाका हुआ और देखते ही देखते पूरी इमारत ढह गई।

घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी डॉ. अखिल चौधरी, एसपी (डी) मनमीत सिंह, डीएसपी जसपाल सिंह और थाना किल्लियांवाली की प्रभारी कर्मजीत कौर मौके पर पहुंचे।

डेरा सच्चा सौदा की ग्रीन एस फोर्स राहत कार्यों में जुटी हुई है। हाइड्रो मशीनों की मदद से मलबा हटाया (शेष पृष्ठ-4 पर)

## यात्रियों से भरी बस पलटी, पांच लोगों की मौत, 15 घायल

### पांच की हालत गंभीर, सीएम ने जताया शोक



**जौनपुर( एजेंसी )।** जौनपुर के बक्शा थाना क्षेत्र के शिवगुलामगंज हाईवे पर हिम्मत बस सर्विस की प्राइवेट बस जौनपुर जा रही थी। डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर बस पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, 15 लोग घायल हो गए। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसा आज सुबह 8.40 बजे हुआ। बस जौनपुर शहर की तरफ जा रही थी। अपनी लेन से दूसरी पटरी पर जाते समय हादसा हुआ। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने थाने की पुलिस और गांव वालों की मदद से घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया।

हादसे में पांच यात्रियों, जिसमें दो पुरुष और तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 यात्री घायल हुए हैं, वहीं पांच की हालत गंभीर है।

सूचना पर पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ. कौस्तुभ कुमार, एडिशनल एसपी ग्रामीण तपिश कुमार सिंह, सीओ सदर परमानंद कुशवाहा मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। बस में 45 यात्री सवार थे। पांच की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय भेजा गया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जौनपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

### हाईकोर्ट का अहम फैसला

## एक साल के भीतर भी हो सकता है तलाक का मुकदमा



**लखनऊ ( एजेंसी )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अहम और ऐतिहासिक फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि पति या पत्नी असाधारण कठिनाइयों या उत्पीड़न का सामना कर रहे हों, तो वे विवाह के एक वर्ष के भीतर भी तलाक की अर्जी दाखिल कर सकते हैं। यह निर्णय हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 14 में न्यायिक विवेकाधिकार की व्याख्या करते हुए दिया गया।

दरअसल, हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, आमतौर पर विवाह के एक वर्ष के भीतर तलाक की अर्जी दाखिल नहीं की जा सकती। इसी प्रावधान का हवाला देते हुए अंबेडकरनगर के परिवार न्यायालय ने एक दंपती द्वारा आपसी सहमति से दाखिल तलाक की अर्जी को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि विवाह को एक वर्ष पूरा नहीं हुआ है।

इस निर्णय को पति ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने की।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यदि विवाह के प्रारंभिक समय में ही पति-पत्नी के बीच गंभीर मतभेद उत्पन्न हो जाएं और साथ रहना असंभव हो जाए, तो विवाह के एक साल के भीतर भी तलाक का मुकदमा दाखिल किया जा सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कानून में दिए गए सामान्य प्रावधानों से हटकर अपवाद की स्थिति में अदालत विवेकाधिकार का प्रयोग कर सकती है।

## सूटकेस में मिला महिला का शव



**हापुड़ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। अज्ञात हत्यारों ने एक 28 वर्षीय महिला की बेरहमी से हत्या कर उसके शव को सूटकेस में बंद कर दिया और उसे रजवाहे में बहा दिया। यह घटना आज सुबह पिलखुवा थाना क्षेत्र के सिखेड़ा गांव के पास सामने आई, जब ग्रामीणों ने रजवाहे में एक सूटकेस को तैरते हुए देखा। सूटकेस में शव होने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने सूटकेस को बाहर निकलवाया और जब उसे खोला गया, तो उसमें महिला का शव पाया गया। महिला के शरीर पर सिर और अन्य अंगों पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे स्पष्ट है कि उसकी हत्या बड़ी ही बेरहमी से की गई है।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन अब तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आसपास के थानों में महिला की तस्वीरें भेजी गई हैं, ताकि उसकी पहचान हो सके। पुलिस को आशंका है कि महिला की धारदार हथियार से हत्या की गई है। हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को सूटकेस में बंद कर सुनसान इलाके में स्थित रजवाहे में बहा दिया गया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## दलित प्रेरणा स्थल में चोरी करने वाले बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस- 1 पुलिस ने सूचना के आधार पर दलित प्रेरणास्थल से मिश्रित धातु की प्लेट और लोहे की सरिया चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

थाना फेस-1 पुलिस ने अतुल पुत्र शिवराज सिंह ,कृष्णा उर्फ ननकी को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी सेक्टर-15ए के पास से हुई है। इनके पास से पुलिस ने चोरी की एक प्लेट मिश्रित धातु की तथा लोहे की सरिया बरामद किया है। चोरी का सामान बेचकर इकट्ठी की गई 1280 रुपए की नगदी तथा चोरी करने में प्रयुक्त अवैध चाकू भी पुलिस ने इनके पास से बरामद किया है।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने बताया कि 25 मई की रात को इन्होंने दलित प्रेरणास्थल में लगे मूर्तियों से मिश्रित धातु की प्लेट और सरिया आदि चोरी की थी।

### आईटी निवेश में छलांग | देश की टॉप-10 सिलिकॉन सिटी में शामिल हुआ नोएडा

## पांच साल में दो लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश, एनसीआर में नंबर-1 बना नोएडा




**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा अब सिर्फ दिल्ली-एनसीआर का हिस्सा नहीं, बल्कि देश की टॉप-10 सिलिकॉन सिटी की सूची में तेजी से उभरता नाम बन चुका है। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के ताज़ा आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023-24 में आईटी सेक्टर में निवेश के मामले में नोएडा सातवें स्थान पर पहुंच गया है। वहीं एनसीआर क्षेत्र में यह गुरुग्राम को पीछे छोड़ते हुए पहले नंबर पर बना हुआ है।

### टेक और टैलेंट का नया केंद्र बनेगा नोएडा

आईटी सेक्टर में अब तक 97 कंपनियों ने नोएडा में निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। यह ट्रेंड यह संकेत देता है कि आने वाले वर्षों में नोएडा देश का अगला बड़ा टेक हब बन सकता है। नीति आयोग और केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं से प्रेरित होकर नोएडा अब निवेशकों और स्टार्टअप्स के लिए सबसे तेजी से उभरता पसंदीदा गंतव्य बन गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने और बेहतर कनेक्टिविटी की वजह से नोएडा की स्थिति आईटी और टेक निवेश के लिहाज से और भी सशक्त होगी।

वर्ष 2019 से 2024 के बीच नोएडा में आईटी सेक्टर में 2,11,614.61 करोड़ का निवेश दर्ज किया गया है। इस दौरान गुरुग्राम में इसी सेक्टर में 1,56,339.88 करोड़ का निवेश हुआ। इस तरह, नोएडा ने एनसीआर में आईटी हब के रूप में खुद को साबित कर दिया है।

इस अवधि में नोएडा में कुल निवेश प्रस्तावों में 470 फीसदी की (शेष पृष्ठ-4 पर)

### टॉप-10 में आईटी सेक्टर में कहां कितना निवेश

| | |
|---|---|
| बेंगलुरु | 407088.72 करोड़ रुपये |
| हैदराबाद | 121115.57 करोड़ रुपये |
| पुणे | 105818.98 करोड़ रुपये |
| चेन्नै | 77421.44 करोड़ रुपये |
| मुंबई | 76564.55 करोड़ रुपये |
| गुड़गांव | 52931.70 करोड़ रुपये |
| नोएडा | 50119.10 करोड़ रुपये |
| कोलकाता | 13029.69 करोड़ रुपये |
| गांधीनगर | 8336.92 करोड़ रुपये |
| विशाखापट्टनम | 2625.04 करोड़ रुपये |

## लूटपाट करने वाला बदमाश गिरफ्तार



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, एक अवैध चाकू और घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान सूरज पुत्र लाल सिंह के रूप में हुई है, जिसे बीती रात सेक्टर-55/56 के पास से दबोचा गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की बाइक पर क्षेत्र में घूम रहा है, जिसके बाद घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि लूटा गया मोबाइल फोन उसने अपने साथी लक्ष्मण के साथ मिलकर सेक्टर-62 के पास से छीना था। फिलहाल पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सूरज के खिलाफ पहले से ही तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

## ट्रंप की वक्र दृष्टि

अपने बेतुके फैसलों व टैरिफ वार से तमाम अर्थव्यवस्थाओं को हिलाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की वक्र दृष्टि अब अमेरिका के नामी-गिरामी विश्वविद्यालयों पर भी पड़ी है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र होने का दंभ भरने वाले अमेरिका में विश्वविद्यालय परिसरों में लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का गला घोंटा जा रहा है। अब अमेरिका में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाले भारत व दुनिया के तमाम देशों के छात्रों के लिये ट्रंप प्रशासन ने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। हाल के दिनों में प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालयों पर मनमाने फैसले थोपे व कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए, जो विश्वविद्यालयों के परिसरों में अभिव्यक्ति की आजादी पर नकेल कसने की ही कवायद थी। दलील दी गई कि फलस्तीन का समर्थन करने वाले छात्र-छात्राओं की सूचना ट्रंप प्रशासन को दी जाए। इन्हीं बंदिशों के बाद अब ट्रंप सरकार ने दुनियाभर के अपने दूतावासों को स्टूडेंट वीजा की प्रक्रिया बंद करने का आदेश दिया है। ट्रंप सरकार की दलील है कि पहले आवेदक छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट की गहरी जांच की जाएगी। इस योजना पर काम चल रहा है। दरअसल, अमेरिकी सरकार द्वारा स्टूडेंट वीजा के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच तेज की जाएगी। इस फैसले से भारत समेत तमाम देशों के छात्रों की अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के सपने को आंच आ सकती है। अमेरिका सरकार इसके माध्यम से उन छात्रों के आवेदन को खारिज करने की तैयारी में है जिनके सोशल मीडिया अकाउंट में ट्रंप या अमेरिका की नीतियों की आलोचना की सामग्री होगी। जाहिर है ऐसे छात्रों को अमेरिका के विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं दिया जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक साल 2023-24 में करीब तीन लाख से अधिक भारतीय छात्र अध्ययनरत थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिये हजारों भारतीय प्रतिभाएं हर साल अमेरिका का रुख करती हैं। अमेरिका के इस फैसले से उन छात्रों को दिक्कत होगी जो इस साल अगस्त से शुरू होने वाले सत्र का हिस्सा बनना चाह रहे थे। दरअसल, अमेरिका सरकार द्वारा अपने दूतावासों को कहा गया है कि वीजा के लिये पेश किए गए नये आवेदनों को रोक दें। उन पर सोशल मीडिया खातों की जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा। यहां उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पहले से पढ़ रहे सैकड़ों छात्रों के वीजा इस आरोप के बाद निरस्त कर दिए कि उन्होंने इस्राइल विरोधी आंदोलन में शिरकत की थी। इनमें वे छात्र भी शामिल थे जिन्होंने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर फलस्तीनियों के पक्ष में पोस्ट डाली थी। सरकार की दलील थी कि इन छात्रों को पढ़ाई के लिये वीजा मिला था न कि राजनीतिक मुद्दों में सक्रियता के लिये। उल्लेखनीय है कि कई भारतीय छात्र भी इस फैसले की चपेट में आए हैं। इसके चलते ही अमेरिकी दूतावासों को वीजा आवेदन करने वालों के सोशल अकाउंट की स्क्रीनिंग के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद छात्रों की गतिविधियों में अमेरिकी नीतियों का विरोध न होने पर वीजा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस स्क्रीनिंग में इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स, लिंक्डइन, टिकटॉक आदि सोशल मीडिया अकाउंट को शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, वीजा पर सख्ती के अलावा पहले से अमेरिका में पढ़ रहे छात्रों के लिये नियम सख्त किए जा रहे हैं। यहां तक चेतावनी दी गई है कि नियमित कक्षाओं में न जाने वाले तथा ड्राप आउट का विकल्प चुनने वाले छात्रों के वीजा भी रद्द किए जा सकते हैं। उन्हें अपने सोशल मीडिया अकाउंट में अमेरिकी नीतियों की आलोचना करने से बचने की नसीहत दी गई है। दलील दी जा रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, ट्रंप की विश्वविद्यालयों के आजादी में दखल के खिलाफ प्रतिरोध के सुर भी अमेरिका में उभर रहे हैं। कई अदालतों ने विश्वविद्यालयों के पक्ष में स्थगन आदेश दिए हैं। अपने फैसलों की किरकिरी होते देख ही ट्रंप प्रशासन ने आने वाले छात्रों के लिये सख्त नियम लागू किए हैं। साथ ही कई विश्वविद्यालयों की आर्थिक मदद भी रोकी है। बहरहाल, विवाद का कोई समाधान फिलहाल नजर नहीं आता।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ऐसा कहकर राजा ने मुनि के चरण पकड़ लिए। ( और कहा- ) हे स्वामी! कृपा कीजिए। आप संत हैं। दीनदयालु हैं। ( अतः ) हे प्रभो! मेरे लिए इतना कष्ट ( अवश्य ) सहिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जानि नृपहि आपन आधीना। बोला तापस कपट प्रबीना॥**
**सत्य कहउँ भूपति सुनु तोही। जग नाहिन दुर्लभ कछु मोही॥**

राजा को अपने अधीन जानकर कपट में प्रवीण तपस्वी बोला- हे राजन! सुनो, मैं तुमसे सत्य कहता हूँ, जगत में मुझे कुछ भी दुर्लभ नहीं है॥

**अवसि काज मैं करिहउँ तोरा। मन तन बचन भगत तैं मोरा॥**
**जोग जुगुति तप मंत्र प्रभाऊ। फलइ तबहिं जब करिअ दुराऊ॥**

मैं तुम्हारा काम अवश्य करूँगा, (क्योंकि) तुम, मन, वाणी और शरीर (तीनों) से मेरे भक्त हो। पर योग, युक्ति, तप और मंत्रों का प्रभाव तभी फलीभूत होता है जब वे छिपाकर किए जाते हैं॥

**जौं नरेस मैं करौं रसोई। तुम्ह परुसहु मोहि जान न कोई॥**
**अन्न सो जोइ जोइ भोजन करई। सोइ सोइ तव आयसु अनुसरई॥**

हे नरपति! मैं यदि रसोई बनाऊँ और तुम उसे परोसो और मुझे कोई जानने न पावे, तो उस अन्न को जो-जो खाएगा, सो-सो तुम्हारा आज्ञाकारी बन जाएगा॥

( क्रमशः... )

# हिन्दी पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, मिशन बनाना होगा

भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, नये बनते भारत में यह भूमिका अधिक महसूस की जा रही है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज़ उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुँचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक प्रसार को सुगम बनाता है। हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है, दरअसल दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर दूर तक मात्र अंग्रेजी, फ़ारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी कलकत्ता से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था। इसके प्रकाशक और संपादक भी वे खुद थे। भले ही अब यह समाचार पत्र बंद हो गया है, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत और बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में हिंदी के अनेक दैनिक समाचार पत्र निकले जिनमें हिन्दुस्तान, भारतोदय, भारतमित्र, भारत जीवन, अभ्युदय, विश्वमित्र, आज, प्रताप, विजय, वीर अर्जुन आदि प्रमुख हैं। बीसवीं शताब्दी के चौथे-पांचवें दशकों में अमर उजाला, आर्यावर्त, नवभारत टाइम्स, नई दुनिया, जागरण, पंजाब केसरी, नव भारत आदि प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र सामने आए। लोकतंत्र में मीडिया चौथे स्तंभ के रूप में खड़ा है, पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से हम देश की वर्तमान स्थिति से अवगत रहते हैं। पत्रकार अथक परिश्रम करते हैं, ताकि समाचार हमारे घर तक तुरंत पहुंचे। चाहे अखबारों के जरिए हो, टीवी चैनलों के जरिए हो या सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के जरिए, नित-नये बनते एवं बदलते समाज में पत्रकारिता की शक्ति को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और सूचित संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हिन्दी पत्रकारिता में क्रांतिकारिता का रंग गणेश शंकर विद्यार्थी ने भरा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर से 9 नवंबर 1913 को 16 पृष्ठ का 'प्रताप' समाचार पत्र शुरू किया था। यह काम शिव नारायण मिश्र, गणेश शंकर विद्यार्थी, नारायण प्रसाद अरोड़ा और कोरोनेशन प्रेस के मालिक यशोदा नंदन ने मिलकर किया था। शिव नारायण मिश्र और गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'प्रताप' को अपनी कर्मभूमि बना लिया। विद्यार्थीजी के समाचार पत्र प्रताप से क्रांतिकारियों को काफी बल मिला। मुंशी प्रेमचंद महान् लेखक-कहानीकार होने के साथ-साथ हिन्दी के क्रांतिकारी एवं जुझारू पत्रकार थे, उनकी पत्रकारिता भी क्रांतिकारी थी, लेकिन उनके पत्रकारीय योगदान को लगभग भूला ही दिया गया है। जंगे-आजादी के दौर में उनकी पत्रकारिता ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध ललकार की पत्रकारिता थी। वे समाज की कुरीतियों एवं आडम्बरों पर प्रहार करते थे तो नैतिक मूल्यों की वकालत भी करते थे। मेरा सौभाग्य है कि मैं राजस्थान के यशस्वी पत्रकार स्व. श्रीरामस्वरूप गर्ग के पुत्र होने के नाते विरासत में पत्रकारिता के मूल्यों को आत्मसात करने का मौका मिला। उन्होंने 1936 एवं उसके बाद के दौर में 'राष्ट्रवाणी' एवं 'परिवर्तन' जैसी पत्रिकाओं का प्रकाशन एवं सम्पादन किया। वे राजस्थान के प्रतिष्ठित दैनिक नवज्योति के साप्ताहिक रूप में निकले प्रारंभिक अंकों के सम्पादक रहे। इसका प्रारंभ पण्डित जवाहरलाल नेहरू के निजी सचिव रहे श्री रामनारायण चौधरी ने किया था।




**आज जबकि हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है।**

आज जबकि हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।' उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए हिन्दी पत्रकारिता को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं। अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है। पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन तलवार से भी धारदार कलम इसीलिये इतनी प्रभावी है कि इसकी वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता कई संकटों का सामना कर रहे हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, साम्प्रदायिकता एवं अंधधार्मिकता, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच हिन्दी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। कभी-कभी भारत में हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सख्त पहरे जैसा भी प्रतीत होता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि बड़ी सचाई है कि इन्हीं पत्रकारों के बल पर हमें आजादी मिली है। पत्रकारिता लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता, नया भारत-सशक्त भारत निर्मित नहीं किया जा सकता। अगर कोई सरकार सचमुच उदारवादी और लोकतांत्रिक होगी, तो वह आलोचना से कुछ सीखने का प्रयास करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी हिन्दी पत्रकारिता के प्रति हमारे अविश्वसनीय समर्थन को दोहराने की बात कही है जो लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है।'

हिन्दी पत्रकारिता कभी मिशन था, आज व्यवसाय बन गया है। आजादी के आंदोलन तक मिशन रहा। धीरे-धीरे इसमें व्यापारी आने लगे। औद्योगिक घराने उतर गए। इनका उद्देश्य समाज सेवा नही रहा, व्यापार हो गया। ये व्यापार करने लगे। वह छापने लगे जिससे इन्हें लाभ हो। डिजिटल युग में टीआरपी और व्यूज़ ही सफलता का पैमाना बन गए हैं। गंभीर पत्रकारिता की जगह सनसनीखेज खबरें, गॉसिप, और 'डिबेट तमाशों' ने ले ली है। तथ्य की जगह धारणा, विश्लेषण की जगह उत्तेजना, और संवाद की जगह शोर ने कब्जा कर लिया है। एंकर शोर मचाकर चीखकर पाठकों को आकर्षित करन में लगे हैं। हिन्दी पत्रकारिता ऐसी अनेक चुनौतियों एवं विसंगतियों का सामना कर रही है। बीते कुछ वर्षों में पत्रकारिता का स्तर चिंताजनक रूप से गिरा है, जबकि पत्रकारों की प्रसिद्धि, प्रभाव और पहुंच पहले से कहीं अधिक बढ़ी है। यह विरोधाभास क्यों? पत्रकार बड़े होते जा रहे हैं, पर पत्रकारिता एवं उसके मूल्य-मानक क्यों सिकुड़ रहे है? आज फेसबुक पत्रकार, न्यूज पोर्टल चलाने वाले पत्रकार, यूट्यूब चैनल चलाने वाले पत्रकारों की देश में बाढ़ सी आ गई है। टीवी पत्रकारिता का वर्चस्व बढ़ रहा है, बड़े एवं बहु-संस्करणों के दैनिक अखबार भी तेजी से बढ़ रहे हैं। आन लाइन समाचार पत्रों की रोज गिनती बढ़ती जा रही है। जिसे देखो पत्रकारिता कर रहा है। इतना सब होने के बावजूद पिछले कुछ साल में खबर एवं हिन्दी पत्रकारिता की विश्वसनीय घटी है। पत्रकारिता का स्तर गिरा है। पत्रकार का सम्मान घटा है। पहले माना जाता कि अखबार में छपा है तो सही होगा, किंतु मीडिया में आई खबर की आज कोई गारंटी देने को तैयार नहीं। पहले हिन्दी पत्रकारिता वैचारिक-क्रांति होती थी, आज खबर प्रधान बन गयी है, विचार लुप्त है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब उसे व्यवसाय नहीं, मिशन के तौर पर नये व्यक्ति, नये समाज, नये राष्ट्र का प्रेरक बनायेंगे।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## सरकार, विपक्ष और जनता (व्यंग्य)

स्वादिष्ट वायदे बांटकर चुनी गई सरकार ने अपना आधा समय यानी ढाई साल निकाल लिए हैं। इस दौरान विपक्ष ने छोटी बड़ी, रंग बिरंगी कलाबाजियां खाई और सरकार को भी खिलाने की कोशिश की लेकिन सरकार टिकी रही। राजनीति, नेताओं को हजारों किस्म के पैंतरे चलना, चलाना और बदलना सिखा देती है। हर विपक्ष कोशिश करता है कि घोड़ों का पारम्परिक व्यापार किया जाए। जानदार विपक्ष हर रोज़ नया बयान जारी करता है। उधर सरकार ने अपनी अनुभवी टीम जिसे लोक सम्पर्क विभाग कहा जाता है लगाई होती है जिसका नैतिक कर्तव्य सरकार का सकारात्मक ढिंढोरा पीटना होता है।

विपक्ष के पास सरकार चलाने की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। सरकारी राजनीतिक पार्टी के पास बहुमत होने के कारण सरकार गिरानी मुश्किल होती है। लेकिन छटपटाते विपक्ष को कुछ न कुछ कहना ही होता है, जैसे, पार्टी और सरकार में जो अंतर्कलह है लड़ाई झगड़े तक पहंच गई है। मंत्रियों के बीच ज़बरदस्त गुटबाजी चल रही है। दोनों तरफ से बड़ी बड़ी बातें हो रही हैं। डराने, धमकाने और साजिश की कोशिश की जा रही है । प्रदेश के लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका नुक्सान हो रहा है। विकास प्रभावित हो रहा है। नए बने मंत्री अपने दफ्तर में नहीं बैठ रहे हैं। सरकार पूरी तरह बेनकाब हो गई है। विपक्ष तंज कसने में माहिर होता है। बार बार कहता है प्रदेश की भोली भाली जनता को पता चल गया है कि सरकार ने प्रदेश को कर्ज में डुबो दिया है। मज़ेदार बात है कि सरकार किसी की भी हो, जनता को भोली भाली ही कहा जाता है।

बेचारी, भोली भाली जनता पर, वर्तमान में शासन करने वाली सरकार के मिडिया सलाहकार विपक्ष के बयान का बदला उतारने मैदान में आते हैं। यह उनकी सरकारी ज़िम्मेदारी है। वे एक बार फिर दोहराते हैं, सरकार एकजुट है, मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन एवं गतिशील नेतृत्व में मज़बूती से काम कर रही है। बड़े पैमाने पर आम लोगों को फायदा हो रहा है। विपक्ष के पास मुद्दा और नेता दोनों ही नहीं है नहीं तो चुनाव नहीं हारते। वे पत्रकार सम्मेलन में हाई टी का आयोजन कर बताते हैं कि प्रदेश दर्जनों मामलों में



*विपक्ष के पास सरकार चलाने की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। सरकारी राजनीतिक पार्टी के पास बहुमत होने के कारण सरकार गिरानी मुश्किल होती है। लेकिन छटपटाते विपक्ष को कुछ न कुछ कहना ही होता है, जैसे, पार्टी और सरकार में जो अंतर्कलह है लड़ाई झगड़े तक पहंच गई है।*

आत्म निर्भर होने जा रहा है। ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

सरकार और विपक्ष एक दूसरे को नसीहत देते रहते हैं। जैसा आरोप विपक्ष लगाता है वैसा ही पक्ष प्रवक्ता भी चिपका देते हैं, जैसे, विपक्षी नेताओं में लीडरशिप को लेकर छटपटाहट चल रही है। इनके सभी नेता अपनी नेतागिरी चमकाने में लगे हैं। सरकार अपना काम किए जा रही है। उसे जागते रहना है ताकि बचा हुआ समय आराम से निकल जाए। समझदार विपक्ष अपना काम किए जा रहा है। वह वोटरों को जगा रहा है, नाराज़ हुओं को पटा रहा है। जनता सरकारी योजनाओं का फायदा उठाकर संतुष्ट है। उसे पता है आने वाली संभावित सरकार बढ़िया वायदे करेगी। आम जनता भोली भाली, नालायक, बेवकूफ होती है उसकी बोलती हमेशा बंद रहती है। वह पांच साल के बाद चुनाव में उठती है और नेताओं की फजीहत कर देती है। सरकार बदलने में ही आम जनता का फायदा रहता है।

**- संतोष उत्सुक**

## राशिफल

**ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष चतुर्थी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यावसायिक सफलता का पूर्ण योग बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम-संतान बहुत अच्छा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। आय के नए सोर्स बनेंगे। वाणी से कोई कार्य जीत लेंगे आप।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
समाज में सराहना होगी। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शुभ कार्यों में खर्च होगा। अगर छोटे भाई-बहन या बच्चों के रिश्ते देख रहे हैं तो शादी-ब्याह तय होने के संकेत हैं।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
नए व्यवसाय की शुरुआत हो सकती है। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। राजनीतिक लाभ होगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
रिस्क मत लें। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा। जीवनसाथी का साथ होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। शत्रु नतमस्तक होंगे। आपकी जीत होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय। कवियों के लिए अच्छा समय। लेखकों के लिए अच्छा समय।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी होगी। घरेलू सुख बढ़-चढ़कर रहेगा। मां का साथ होगा।

# भू-माफिया ने लगाया सरकार को करोड़ों की चपत

## डीएम ने शुरू कराई मामले की जांच

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बिसरख में राजस्व चोरी का एक नया मामला सामने आया है। इस मामले की जानकारी जिलाधिकारी मनीष वर्मा को दी गयी है जिसकी जांच जिला प्रशासन की ओर से प्रारंभ हो चुकी है।




बताते चलें कि बिल्डरों के साथ मिलकर जमीन में सरकारी राजस्व के चोरी का खेल चल रहा है। एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें दान पत्र के माध्यम से कमर्शियल काम के लिए 1500 मीटर के करोड़ों की जमीन को बेच दिया गया। इस सरकार को राजस्व का नुकसान हुआ है। इसकी शिकायत गौतमबुद्ध नगर के डीएम से की गई है।

डीएम को लिखे पत्र में लिखा गया है कि गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी तहसील के बिसरख गांव में खसरा संख्या 434 में ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा 6000 मीटर जमीन दुर्गावती पत्नी भूप सिंह जो कि बिसरख के रहने वाले हैं उनके नाम छोड़ी गई थी, जिसकी पूर्व में ही दुर्गावती के नाम से लीज हो चुकी है. उब इसमें से 29 अप्रैल 2025 को दुर्गावती ने 1500 मीटर का दान पत्र खाली प्लाट दिखाकर श्यामवती के नाम कर दिया.

श्यामवती भू-माफिया कुलदीप की मां हैं. उस दान पत्र में कुल पांच हजार रुपए का स्टाम्प अदा किया गया है, जबकि उस जगह पर एक कमर्शियल काम चल रहा है, जिसकी तस्वीर भी शिकायत पत्र के साथ लगाई गई है. शिकायतकर्ता ने लिखा है कि नियमानुसार क्रियाशील कमर्शियल प्लॉट का दान पत्र तभी हो सकता है जब उसमें पूरा स्टांप अदा किया जाए। इस दानपत्र में पक्षकार द्वारा खाली प्लॉट दिखाकर करोड़ों रुपए की कमर्शियल स्टाम्प चोरी की गई है। प्रार्थना पत्र में स्टांप चोरी की रकम को भूमाफिया से वसूली की मांग की गयी है।


# किसानों ने किया जोरदार धरना प्रदर्शन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 10 प्रतिशत प्लॉट, आबादियों को तत्काल समाधान, नया भूमि अधिकरण कानून को लागू करने, किसानों पर दर्ज झूठे मुकदमे वापस लिए जाने, भूमिहीन परिवारों को वेंडिंग जोन में तय आरक्षण के तहत दुकान आवंटित करने आदि की मांगों को लेकर किसान संघर्ष मोर्चा गौतम बुध नगर के नेतृत्व में अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान परिषद और किसान एकता संघ तीनों संगठनों के बैनर तले किसानों ने आज जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर जुलूस निकालकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया।

प्रर्दशन में सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामसागर, राजकरण सिंह, मुकेश कुमार राघव, अमीचंद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सीटू कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि हम किसानों के हक अधिकार की लड़ाई में उनके साथ हैं।साथ ही उन्होंने मजदूर विरोधी लेबर कोड़ों को रद्द करवाने एवं न्यूनतम वेतन 26000 घोषित करवाने की मांग पर 9 जुलाई 2025 को होने वाली देशव्यापी हड़ताल में किसानों से भी हड़ताल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया।

## अपना मन, बेगाना लगता



**डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )**
**ज्ञानपुर ( भदोही )**

संघर्षो की इस झंझा में
अपना मन बेगाना लगता।
कितनी भी हों गहरी बातें
सब कुछ रोना गाना लगता।
अब नशा खोजती स्वयं सुरा है
सुरा नशे में डूब गई है,
मधुशाला के बंद कपाटों में,
साकी अब ऊब गई है।
सूखे जामों के खनखन में,
है अपदस्थ तराना लगता।
कितनी भी हों गहरी बातें
सब कुछ रोना गाना लगता।

## लज्जाराम भाटी के निधन पर शोक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह आर्य ने वरिष्ठ पत्रकार लज्जाराम भाटी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि लज्जाराम भाटी ने पत्रकारिता को एक नई दिशा दी थी। उन्होंने कहा कि लज्जाराम भाटी आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी।

# रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बिलासपुर नगर पंचायत पर रानी अहिलीबाई महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम पर दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर ने विषम परिस्थितियों में देश के लिये कार्य किये अपने पति की मृत्यु के बाद उन्होंने देश सेवा की महिलाओं के लिये सख्त दहेज विरोधी क़ानून बनाये विधवाओं को बच्चे गोद लेने का अधिकार दिया महिलाओं और बच्चों को विशेष सुरक्षा प्रदान करने के क़ानून बनाए मंदिरों का जीर्णोद्धार घाट निर्माण कार्य किया सड़कों का निर्माण कराया जनता की सेवा के कार्यों के लिये अपने राज्य क्षेत्र के बाहर भी कार्य किये। दनकौर नगर पंचायत पर क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर ने साधारण किसान परिवार में जन्म लेकर से रानी पद को सुशोभित किया वो केवल लोक कल्याण करने वाली ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एक ता अखंडता को स्थापित कर समाज के उत्थान के लिये समर्पित थी और आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के उत्थान के लिये संसद में 30 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है

दादरी में अहिल्ल्याबाई होलकर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम पर विमल शर्मा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर से प्रेरणा लेकर आज देश व प्रदेश की नारी शक्ति आत्म निर्भर हो कर देश सेवा कर रहीं है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष गीता पंडित नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता संजय चेची नगर पंचायत अध्यक्ष राजवती दीपक सिंह दीपक नागर अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जिला संयोजक धर्मेन्द्र कोरी सतेन्द्र नागर रजनी तोमर राहुल पंडित पंकज कौशिक संजय चेची राजीव सिंघल तरुण भारद्वाज हरिदत्त शर्मा अखिलेश नागर अमित पंडित ओमकार भाटी विनय शर्मा ममता शर्मा अजीत मुखिया मोनू गुर्जर अरुण शर्मा संगीता रावल प्रीति बघेल बॉबी देवी अंजना त्यागी सीमा शर्मा आदि शामिल रहे।

# बिसरख में हुआ जयंती समारोह का आयोजन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम बिसरख ब्लॉक पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वक्ता जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा रहे ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी संसद में आरक्षण के साथ अनेकों योजनाएं लागू की है जिससे महिलाओं को लाभ मिल सके और उन्होंने कहा पहले भी देश की देवियों ने राष्ट्र निर्माण के कार्य किए हैं।

आज रानी अहिल्याबाई होलकर पूरे देश व प्रदेश के साथ अपने जनपद गौतमबुद्धनगर के सभी जनप्रतिनिधि सरकारी संस्थान स्कूल कॉलेज और भाजपा संगठन के द्वारा 21 मई से 31 मई तक निरन्तर रानी अहिल्याबाई होलकर के शासन प्रशासन को हम सब याद कर रहे हैं रानी अहिल्याबाई होलकर एक बुद्धिमान तीक्ष्ण सोच के शासक के रूप मे जानी जाती हैं 1767 से 1795 तक क़िले विश्राम ग्रह कुंए सड़को के निर्माण के कार्य किये रानी अहिल्याबाई होलकर ने जनता के सुख को सर्वोपरि मानते हुए लोक कल्याण कारी कार्यों के साथ भारतीय सनातन संस्कृति के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किये ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख अप्रीत कौर बिजेंद्र प्रमुख जिला महामंत्री मनोज गर्ग श्यामेन्द्र ओमपाल नागर वीरेंद्र भाटी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य जिला उपाध्यक्ष पवन नागर मुकेश चौहान सुजाता सिंह अन्नू सिंह संगीता तिवारी पूजा शर्मा जितेन्द्र सैन आदि सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 21:45 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 20:20 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा का जनपद गौतम बुद्ध नगर में शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह



चौहान की प्रेरणा एवं नेतृत्व में 29 मई 2025 से 12 जून 2025 तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान की जनपद गौतम बुद्ध नगर में शानदार शुरुआत की गई।

इस दौरान जनपद में जिलाधिकारी द्वारा नामित वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं विशेषज्ञों की तीन विभिन्न टीमों द्वारा 9 ग्रामों में कृषको के साथ सीधा संवाद किया तथा फसल उत्पादन, मिट्टी स्वास्थ्य, फल तथा सब्जी उत्पादन, पुष्प खेती, प्राकृतिक खेती, प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, पोषण तथा महिला सशक्तिकरण आदि विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान उपस्थित विभिन्न विभागों द्वारा कृषि तथा संबंधित क्षेत्र की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान कृषकों से सुझाव भी लिए गए तथा उनके जिज्ञासा एवं समस्याओं के उत्तर तथा सुझाव भी दिए गए । इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, गौतम बुद्ध नगर के विशेषज्ञों तथा कृषि विभाग जनपद गौतम बुद्ध नगर द्वारा किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ विपिन कुमार ने बताया की सभी कार्यक्रमों में 400 से अधिक कृषक मित्रों, कृषक महिलाओं युवा एवं युवतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा ऑल इंडिया रेडियो, नई दिल्ली द्वारा उपस्थित कृषकों एवं विशेषज्ञों के विचार भी रिकॉर्ड किए गए। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ सुनील प्रजापति ने बताया कि यह अभियान 15 दिनों तक जनपद के 135 ग्रामों में आयोजित किया जाएगा। किसानों द्वारा इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की गई तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं इस अभियान हेतु धन्यवाद किया गया।

# अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति का रूप थीं : मिश्रा

**भदोही (ब्यूरो)।** भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व व अध्यक्षता में नगर पालिका



परिषद भदोही के अंतर्गत रानी अहिल्याबाई होलकर के संबंधित एक गोष्ठी संपन्न हई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बीपी सरोज अति विशिष्ट अतिथि मुख्य वक्ता आकांक्षा सोनकर जिले के संयोजक सुनील मिश्रा इस कार्यक्रम के संयोजक विनीत बरनवाल उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि बीपी सरोज ने कहा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महारानी अहिल्याबाई होलकर ने महिलाओं की मान सम्मान को बढ़ाने के उद्देश्य से नारी शिक्षा पर जोर दिया इससे पहले महिलाओं को केवल घरों में थोड़ा बहुत पढ़ाने का चलन था जिसे आगे बढ़ाते हुए स्कूल शिक्षा तक बढ़ाने में विस्तार किया।

विधवा महिलाओं को यह अधिकार छोड़ी गई संपत्ति को उत्तराधिकारी होगी एवं अपनी इच्छा अनुसार उसका उपयोग भी कर सकेंगी।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण का प्रतीक माना मुख्य अतिथि बीपी सरोज आगे भी कहा सनातन धर्म की सरक्षिका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास में एक ऐसी शशिका के रूप में जानी जाती है जिनका जीवन अध्यात्म का धर्म और सुशासन का अनुपम संगम था मंदिरों का जीर्णोद्धार मध्यकाल की विषम परिस्थितियों में लोक माता अहिल्याबाई होलकर अपने अद्म्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए मुगल आक्रांताओं द्वारा विध्वंस किए गए मंदिरों का पुनर्गठन निर्माण कराया उन्होंने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक खंडित हुए मंदिरों का न केवल जीर्णोद्धार कराया अपितु सनातन धर्म संस्कृति के गौरव को पुनर्जीवित किया उनके द्वारा किए गए मंदिर पुन्ह निर्मित मंदिर सोमनाथ मंदिर गुजरात 1782 महमूद गजनवी और औरंगजेब द्वारा नष्ट यह 12 ज्योतिर्लिंग में एक है वाराणसी 1776 औरंगजेब द्वारा 169 में तोड़ा गया यह भी ज्योतिर्लिंग है जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने आए हुए मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया पुष्प कुछ माल्यार्पण प्राप्त का स्वागत किया अविश कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अहिल्याबाई होल्कर को नारी शक्ति का धर्म रूप माना जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा 300 वर्ष पहले रानी अहिल्याबाई होल्कर ने जो इतिहास रचा आज उसी के पद चिन्हों पर हम सभी चलने का काम करते हैं और पार्टी रानी अहिल्याबाई होलकर के लिए यह कार्यक्रम कराकर उन्हें फिर से समाज में सम्मान और लोगों को जानकारी साझा करने के लिए कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी विनोद जायसवाल स्नेह लता श्रीवास्तव लालता सोनकर सत्य सीन गुप्ता अखंड प्रताप सिंह गोवर्धन राय दिलीप गुप्ता कार्यक्रम के सह संयोजक जिले के प्रियंका जायसवाल राजू मोदनवाल नंदलाल यादव लालमणि मिश्रा शेषनारायण पाठक सुरेंद्रनाथ पांडेय गोरेलाल पांडेय वीरू शुक्ला राधेश्याम गुप्ता अरविंद मौर्या धर्मराज सिंह शिव शंकर यादव अखिलेश तिवारी गिरधारी जायसवाल संगीता खन्ना सोनी सुरेश पासी धर्मराज रामराज राकेश गुप्ता संतोष चौहान आदि लोग उपस्थित थे।

# जितेन्द्र अग्रवाल बने अध्यक्ष



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (रजी.) के जिला अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर पवन बंसल द्वारा संगठन विस्तार को आगे बढ़ाते हुए पतवाड़ी ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी जितेन्द्र अग्रवाल को ग्रेटर नोएडा वेस्ट अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है और आशा जताई है कि वह इस जिम्मेदारी का सच्ची निष्ठा से निर्वहन करेंगे और व्यापारियों के हितों की रक्षा करेंगे। साथ ही जितेन्द्र अग्रवाल ने भी आभार व्यक्त किया है।

# सेक्टर-110 में प्राधिकरण का बुलडोजर चला

## 12 दुकानों के अवैध चबूतरे ढहाए गए

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए गुरुवार को सेक्टर-110 की बाजार में बड़ी कार्रवाई की। वर्क सर्किल-8 की टीम ने दुकानों के सामने बनाए गए पक्के चबूतरों और रैंप को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान 12 दुकानों के अवैध रैंप जेसीबी मशीन से उखाड़े गए और करीब 50 अवैध वेंडरों को बाजार से हटाया गया। 30-40 हजार रुपये में हो रहा था अवैध वेंडिंग जोन का संचालन



प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि दुकानदारों ने इन पक्के रैंपों पर अवैध वेंडिंग जोन बना रखा था, और उनसे 30 से 40 हजार रुपये मासिक किराया वसूला जा रहा था। यह पूरी प्रक्रिया अवैध रूप से संचालित की जा रही थी, जिसे लेकर प्राधिकरण ने सख्त कदम उठाया।

कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण या अवैध वेंडिंग जोन का संचालन किया गया, तो दुकानों की लीज डीड रद्द कर दी जाएगी और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

वरिष्ठ प्रबंधक सतेंद्र गिरी ने बताया कि कार्रवाई सुबह 11 बजे शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चली। इस दौरान 20 कर्मचारी, 2 जेसीबी और डंपर तैनात किए गए थे। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन सरकारी कार्य में बाधा डालने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी के बाद विरोध शांत हो गया।

प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि सभी वर्क सर्किलों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होते ही 24 घंटे मिलेगी टैक्सी सेवा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) से यात्रियों को उड़ान शुरू होते ही 24 घंटे टैक्सी सेवा की सुविधा मिलने जा रही है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को उबर के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। इसके तहत एप आधारित टैक्सी सेवा के माध्यम से नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद, गुरुग्राम और यहां तक कि आईजीआई एयरपोर्ट तक सीधी और सहज यात्रा संभव होगी।

समझौते के अनुसार, उबर की सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। यात्री एप के जरिए टैक्सी बुक कर सकेंगे और ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा भी मिलेगी। सुरक्षा के लिहाज से टैक्सी में एसओएस बटन की व्यवस्था होगी, जिससे किसी आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सकेगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि हमारा उद्देश्य यात्रियों को 'घर से घर तक' सुरक्षित, कुशल और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि एप आधारित टैक्सी सेवाएं इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

इससे पहले दिसंबर माह में एयरपोर्ट प्रबंधन महिंद्रा लॉजिस्टिक्स के साथ ई-टैक्सी सेवा के लिए भी करार कर चुका है। इन प्रयासों के जरिए एयरपोर्ट आने-जाने वाले यात्रियों को दिल्ली-एनसीआर और आसपास के राज्यों तक बेहतर और पर्यावरण अनुकूल ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

एयरपोर्ट प्रबंधन ने कई राज्यों के साथ भी समझौते किए हैं, ताकि यात्रियों को एयरपोर्ट से सीधे गंतव्य राज्यों तक बस सेवाएं मिल सकें। एनआईए की यह बहुआयामी कनेक्टिविटी योजना इसे भारत के सबसे आधुनिक और यात्री अनुकूल एयरपोर्ट्स में शामिल करने की दिशा में एक अहम कदम है।

सेक्टर-63 एक औद्योगिक क्षेत्र है, लेकिन यहां अब तक किसी प्रकार की संगठित पार्किंग व्यवस्था नहीं है। अधिकतर वाहन कंपनियों के सामने खड़े किए जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पजल पार्किंग के निर्माण से इस समस्या में राहत मिलने की उम्मीद है।

प्राधिकरण ने निर्माण एजेंसी के चयन के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की योजना बनाई है। इसके अलावा सेक्टर-6, 18 और 125 में भी पजल पार्किंग के प्रस्ताव विचाराधीन हैं, लेकिन इन पर अब तक अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है।

# खाद के गड्डे की जमीन पर खड़ी कर दी बहुमंजिली इमारत

**नोएडा (चेतना मंच)।** बादौली गांव में खाद के गड्डे की जमीन पर पटवारी से मिली भगत कर एक व्यक्ति ने बहुमंजिली इमारत खड़ी कर दी। जबकि यह मामला उप जिलाधिकारी के कोर्ट में विचाराधीन है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटवारी प्रवेश कुमार ने उक्त माफिया से मिलकर उक्त जमीन पर बहुमंजलि इमारत खड़ी करवा दी। बताया जाता है कि उक्त भू-माफिया महेश चौहान पुत्र देवीराम ने गांव में ही खाली पड़ी सरकारी जमीन पर कब्जा किया उसके बाद उस पर निर्माण कर दिया। जब इस मामले की जानकारी हुई तो भूमाफिया ने पटवारी से सांठगांठ कर मामले को रफादफा कर दिया।



एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के भूमाफियाओं के खिलाफ एक्शन ले रहे हैं। वहीं गांव एवं तालाबों की सरकारी जमीन पर भूमाफिया कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

अब देखना है कि करोड़ों रुपए मूल्य की सरकारी जमीन पर बनी अवैध इमारत पर बाबा का बुलडोजर चलता है या नहीं। या तो आने वाले समय में पता चलेगा, लेकिन जिस तरह से भूमाफिया ने जमीन पर कब्जा कर उस पर बहुमंजिला इमारत खड़ी कर दी वह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सेक्टर-63 में बनेगी शहर की पहली पजल पार्किंग

**नोएडा (चेतना मंच)।** शहर को जल्द ही पहली अत्याधुनिक पजल पार्किंग मिलने जा रही है। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-63 में इस सुविधा के निर्माण को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। अनुमानित 29 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह पार्किंग चार मंजिला होगी, जिसमें 150 कारों की पार्किंग क्षमता होगी। इसमें गाड़ियों को हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म के जरिए ऊपर-नीचे शिफ्ट किया जाएगा।

प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार, यह पार्किंग सेक्टर-63 के जी ब्लॉक स्थित पार्क के पास खाली पड़ी जमीन पर बनाई जाएगी। कुल 800 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनने वाली इस संरचना के साथ दोनों ओर फुटपाथ और होर्डिंग लगाने की भी व्यवस्था की जाएगी।




दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# पृष्ठ एक के शेष....

**यह नया भारत है,...**

को उनकी भाषा में जवाब देता है। पीएम मोदी ने कहा कि पहले कैमूर और रोहतास जैसे इलाके नक्सलवाद से प्रभावित थे, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। 2014 से पहले जहां देश के 100 से अधिक जिले नक्सल प्रभावित थे, अब यह संख्या घटकर केवल 18 रह गई है। यह हमारी नीति और नीयत का परिणाम है। आने वाले समय में माओवादी हिंसा का पूरी तरह से खात्मा हो जाएगा।

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि उन्होंने बिहार की धरती से आतंक के आकाओं को सख्त सजा देने का वादा किया था। जिन्होंने पाकिस्तान में बैठकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, उनकी पनाहगाहों को हमारी सेना ने खंडहर में बदल दिया है। अब दुश्मन हमारी सेना के नाम से कांपते हैं।

बिक्रमगंज के दुर्गाडीह में आयोजित सभा में करीब पांच लाख लोगों की भीड़ उमड़ी। 12 लाख स्क्वायर फीट में बना विशाल पंडाल लोगों से खचाखच भरा रहा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**पटाखा फैक्टरी में...**

जा रहा है और घायलों को निकाला जा रहा है। लंबी के निवासी जसपाल सिंह ने बताया कि यह फैक्टरी तरसेम सिंह नामक व्यक्ति की है और मंजूरी प्राप्त है। उन्होंने बताया कि राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है और आंकड़ों में इजाफा हो सकता है।

एसएसपी डॉ. अखिल चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि, घटना गंभीर है। पूरी जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सूटकेस में मिला...**

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मौके से फोरेंसिक साक्ष्य जुटाए गए हैं और जांच जारी है। महिला की पहचान होते ही आरोपियों की तलाश और कानूनी कार्रवाई तेज कर दी जाएगी।

**पांच साल में दो लाख...**

वृद्धि दर्ज की गई है, जिनमें सबसे बड़ा हिस्सा आईटी और रियल एस्टेट सेक्टर का रहा है। सेमीकंडक्टर निर्माण की दिशा में भी नोएडा बड़ा कदम उठा चुका है — यहां 48 एकड़ में पहला सेमीकंडक्टर पार्क विकसित किया जा रहा है, जिसमें अब तक 13 कंपनियों ने निवेश की सहमति दी है।

## खास खबर

### अमेरिका में सड़क हादसे में 2 की मौत

**नैशविले।** अमेरिका में बस और यात्री वाहन के बीच टक्कर में 2 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। यह दुर्घटना सोमवार शाम मैडिसन काउंटी के एक राजमार्ग पर हुई थी। मीडिया रिपोर्ट में मैडिसन काउंटी के अग्निशमन विभाग द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के मुताबिक इस घटना में करीब 40 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 27 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। बस संचालन कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों को लेकर बस मेम्फिस से नैशविले जा रही थी। बता दें हाल ही में अमेरिका के लॉस एंजेलिस में भी दर्दनाक सड़क हादसा हुआ था। इस हादसे में एक शख्स की मौत हो गई थी और 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे में 30 लोगों को भी चोट भी आई थी। हादसा उस वक्त हुआ था जब एक बस और एसयूवी की जोरदार टक्कर हो गई थी। टक्कर के बाद एसयूवी में आग लग गई थी।

### बलात्कार के आरोपी को 20 साल का कारावास

**महराजगंज** । उत्तरप्रदेश के महराजगंज जिले की अदालत ने 14 वर्षीय किशोरी से बलात्कार करने के करीब नौ वर्ष पुराने मामले में आरोपी को दोषी मनाकर 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाकर अर्थदंड भी लगाया। सरकारी अधिवक्ता ने इसकी जानकारी दी। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) पी.सी. कुशवाहा ने अब्दुल कादिर नामक एक व्यक्ति को दोषी ठहराया और उस पर 30,000 रुपये का जुमार्ना लगाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 6 मई, 2016 को जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई थी। लड़की के पिता द्वारा दर्ज पुलिस शिकायत के बाद, कादिर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पाक्सो) अधिनियम के प्रावधानों सहित कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### दोगुना करने का लालच देकर ठगे 20 लाख

**बलरामपुर।** पुलिस ने रुपया दोगुना करने का लालच देकर 20 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में स्वस्थ्यकर्मी समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने क्रिप्टो करेंसी में रुपए लगाने का लालच दिया था। पुलिस के मुताबिक गाजीपुर के जंगीपुर निवासी समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव चंद्रभान गुप्ता ने आरोप लगाया कि आजमगढ़ के रहने वाले अनिल यादव एसबीजी के नाम से क्रिप्टो करेंसी का करोबार करता है। करीब एक हजार करोड़ का घोटाल कर फरार हो गए हैं। अब दुबई में रहते हैं। अनिल यादव के करीबी मऊ के चिरैयाकोट में रहने वाले चंद्रजीत दास, चक्रपानपुर मेडिकल कालेज निवासी सुग्रीव सिंह ने जाल बिछाकर बिजनेसमैन और बेरोजगारों को निशाना बनाते हैं। राजकीय मेडिकल कालेज चक्रपानपुर में तैनात स्टाफ नर्स सरस्वती सिंह के पति सुग्रीव सिंह से पहचान थी। सुग्रीव सिंह ने एसबीजी में पैसा लगाने का लालच दिया। 20 महीने में रुपया दोगुना करने का ललच दिया था। पीड़ित ने चार बार में सुग्रीव सिंह को 20 लाख रुपए दिए।

# महाराष्ट्र में बारिश से अबतक 21 की मौत, 12 घायल

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले चार दिनों से कई जगहों पर हो रही लगातार बारिश के कारण अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 12 लोग घायल हुए हैं और 22 पशुओं की मौत हुई है। इस बात की जानकारी राज्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दी गई है। बताया गया है कि सबसे ज्यादा मौतें पुणे और नांदेड़ जिलों में दर्ज की गई हैं। इन दोनों जिलों में तीन-तीन लोगों की जान गई है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने 24 मई से 27 मई के बीच हुई भारी बारिश पर एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट




के मुताबिक सिंधुदुर्ग जिले में 25 मई को और मुंबई में 26 मई को मानसून आया था। 24 से 27 मई के बीच राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई भारी बारिश से बड़े पैमाने पर जनहानि हुई। पानी में डूबने, आसमानी बिजली गिरने, दीवार गिरने और पेड़ गिरने जैसे विभिन्न कारणों से राज्य भर में 21 लोगों की मौत हुई है। जबकि 12 लोग घायल हैं। इसके अलावा 22 गाय और भैंस मर गई और 2 घायल हैं।

जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार राज्य में पिछले चार दिनों में औसतन 174.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। कोंकण में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है। सिंधुदुर्ग जिले में चार दिनों में 511.6 मिमी और रत्नागिरी में 502.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भंडारा जिले में सबसे कम यानी 41.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

भारी बारिश के कारण पश्चिमी विदर्भ के बुलढाणा, अकोला, यवतमाल और अमरावती जिलों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। मंगलवार शाम से वहां बारिश जारी है। यवतमाल और बुलढाणा जिलों के दो लोग पूर्णा और विदर्भ नदियों की बाढ़ में बह गए जिससे उनकी उनकी मौत हो गई। उत्तर महाराष्ट्र में नासिक, जलगांव, धुले और नंदुरबार में भी मानसून ने जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि पुणे में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश ने विराम ले लिया।

## विदेशी हथियारों की खरीद-फरोख्त गिरोह का एसटीएफ ने किया भंडाफोड़

एजेंसी

**आगरा।** यूपी के आगरा में विदेशी हथियारों की खरीद फरोख्त गिरोह का एसटीएफ ने भंडाफोड़ किया है। ये गिरोह के सदस्य अवैध शस्त्र लाइसेंस पर हथियार खरीदते थे। गिरोह के सदस्य बिना कागजों के विदेशी हथियारों की सप्लाई करते थे। जिन्होंने एक विदेशी पिस्टल बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम भदौरिया को भी बेची थी। इस मामले में यूपी एसटीएफ ने जांच की। रसूख और धनबल के चलते ये मामला एक साल तक दबा रहा। विशाल भारद्वाज ने 26 नवंबर 2024 को एसटीएफ से शिकायत की थी। विशाल ने एसटीएफ को बताया कि आगरा में फर्जी लाईसेंसों पर विदेशी असलाहों की खरीद फरोख्त की जाती है। 8 महीने बाद 24 मई 2025 में थाना नाई की मंडी में आरोपियों पर एसटीएफ ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार कराने और आयुध अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विशाल ने एसटीएफ को बताया कि उसकी शिकायत के बाद उसे जान से मारने के प्रयास किए गए। भूपेंद्र सारस्वत ने जेल में बंद सोनू गौतम को उसे मारने के लिए 20 लाख की सुपारी दी थी। सोनू ने जेल से फोन करके शूटर हरेंद्र राणा को 5 लाख रुपये एडवांस पहुंचाए थे। किसी परिचित ने व्हाट्सएप पर कॉल करके विशाल को सचेत कर दिया था। इस वजह से उसकी जान बच गई। एसटीएफ ने इसकी पड़ताल की तो मामला सही पाया। आगरा जिले में 50 हजार शस्त्र लाइसेंस हैं, जिनमें 8 हजार सैनिकों के हैं बाकी लाइसेंस सुरक्षा के लिहाज से जारी किए गए हैं।

## कर्नाटक, केरल, कोंकण और गोवा में भारी बारिश का अलर्ट

▸ अरब सागर में साइक्लोनिक सकुर्लेशन का क्षेत्र बना है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिस्सों में इंट्री के बाद मानसून पूर्वी हिस्सों में प्रवेश करने वाला है। इसके बाद देश के अन्य हिस्सों में मानसून आएगा। मानसून के लिए बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बन रहा है, जो इसे आगे बढ़ाने में मदद करेगा। यह एक ऐसा सिस्टम है, जिसकी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पूर्वी हिस्सों में मानसून प्रवेश कर सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और केरल के बाद पूर्वोत्तर भारत में मानसून दस्तक दे चुका है। मौसम विभाग ने कर्नाटक, केरल,



कोंकण, गोवा और महाराष्ट्र में गुरुवार को भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि अरब सागर में अभी भी साइक्लोनिक सकुर्लेशन का क्षेत्र बना है। इस कारण कर्नाटक के कुछ हिस्सों में अलर्ट जारी किया है। बता दें बुधवार को चंडीगढ़ में मौसम बदला और गर्मी के साथ धूल भरी आंधी की चेतावनी भी मिली। शहर का अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 6 दिन के लिए अलर्ट जारी किया है। वीरवार को यैलो अलर्ट घोषित किया है, जिसमें 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और धूल भरी आंधी चल सकती है। इसके साथ ही लोगों को सतर्क रहने और घरों से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जून से सितंबर 2025 तक के दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन के लिए दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी किया है, जिसमें कई अहम बातें सामने आई है। पूरे देश में सामान्य से ज्यादा बारिश की संभावना जताई गई है। मानसून के दौरान औसतन 106 फीसदी बारिश होने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 92 से 108 फीसदी तक बारिश हो सकती है।

### तालाब में डूबने से दो भाइयों की मौत

**मालदह।** जिले के गाजोल ब्लॉक के देवताला इलाके के दोन्यास गांव में घर के पास खेलते समय दो भाई तालाब में डूब गए। इनके नाम परविंद मोदी (07) और अभि मोदी (05) हैं। मालूम हो कि गांव के निवासी रवि मोदी के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा परविंद मोदी सात साल का है और छोटा बेटा अभि मोदी पांच साल का है। दोनों गुरुवार सुबह करीब 10 बजे वे अपने घर के पास खेल रहे थे। खेलते-खेलते दोनों भाई तालाब की तरफ चले गए। उस समय अचानक छोटा भाई पहले तालाब में गिर गया। भाई को बचाने के लिए सात वर्षीय बड़ा भाई भी तालाब में कूद गया और दोनों भाई तालाब में डूब गए। यह दृश्य देखकर उनका एक दोस्त चीखने लगा। उसकी चीख सुनकर ग्रामीण दौड़े और तालाब में उतरे, दोनों भाइयों के शवों को निकाला और गाजोल ग्रामीण अस्पताल ले गए।

## यूनुस सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, लगाया जाम, काम ठप

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के खिलाफ गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। बुधवार को ढाका की सड़कों पर हजारों लोगों को उतर आए और फासीवाद खत्म करो के नारे लगाते नजर आए। बांग्लादेश की पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी ने इस आंदोलन का आयोजन किया, जिसमें हजारों लोगों की भीड़ जुटी। ढाका के सभी मुख्य मार्ग जाम हो गए तो वहीं आंदोलन के चलते कामकाज ठप हो गया। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की रैली में आम चुनाव कराने की मांग की गई। इन लोगों की मांग थी कि इस साल के अंत तक चुनाव कराए जाएं। वहीं मोहम्मद यूनुस कई बार कह चुके हैं कि इस साल



के अंत तक चुनाव कराना मुश्किल है। उनका कहना है कि जून 2026 तक चुनाव कराए जा सकते हैं, लेकिन बीएनपी समेत कई दल इस बात पर राजी नहीं हैं। बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकार-उज-जमां कह चुके हैं कि इसी साल के अंत तक चुनाव करा लिए जाएं। इससे साफ है कि यदि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने चुनाव जल्द कराने का फैसला नहीं लिया तो फिर बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता का दौर देखने को मिल सकता है।

## सऊदी अरब भेजी जा रही दो किशोरियों को पुलिस ने किया बरामद

एजेंसी

**कौशांबी।** मानव तस्करों की नापाक साजिश का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने अपहृत किशोरियों को बरामद किया है। पुणे ले जाने के बाद किशोरियों को सऊदी अरब भेजा जाना था। पुलिस ने आरोपी महिला सुमित्रा देवी को पुणे से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक कोखराज कोतवाली इलाके की चाकवन बाजार आई किशोरी सहेली के साथ 21 मई की शाम संदिग्ध दशा में लापता हो गई। बेटियों के घर नहीं पहुंचने पर परिजन परेशान हो गए और खोजबीन में जुट गए। दूसरे दिन पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की तो लड़कियों की लोकेशन महाराष्ट्र के पुणे में मिली। इसके बाद पीड़ित परिजन को लेकर पुलिस कोखराज पहुंची। पुलिस ने अपहृत किशोरियों को वहां से सकुशल बरामद किया। मंगलवार देर रात पुलिस ने मानव तस्कर महिला सुमित्रा देवी को धर दबोचा। किशोरी के पिता का आरोप है कि सुमित्रा देवी अपने गैंग के धीरज यादव और शिवा के साथ मिलकर उसकी बेटी और सहेली को बहला फुसलाकर पुणे ले गए और वहां उन्हें बेच दिया। सुमित्रा देवी ने बताया कि इन लड़कियों को सऊदी अरब भेजा जाना था, जहां पर इनको बेचना था।

### केंद्रीय एजेंसियां करेंगी शकूर खान से पूछताछ

**जयपुर** । राजस्थान में जयपुर जिला अधिकारी ने बताया, केंद्रीय एजेंसियों द्वारा शकूर खान से पूछताछ की जाएगी। खान जिला रोजगार कार्यालय में बाबू है। अधिकारी ने बताया कि उसके फोन नंबरों में कुछ संदिग्ध पाकिस्तानी नंबर मिले हैं।पुलिस ने जैसलमेर जिले में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में राज्य सरकार के कर्मचारी को हिरासत में लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर खुफिया विभाग की टीम ने जैसलमेर में शकूर खान को हिरासत में लिया।प्रशासन के अधिकारी ने बताया, खान के बारे में सूचना मिली थी कि वह पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा है।

## जिलाधिकारी ने आयुष एवं स्वास्थ्य समितिकी संयुक्त होम्योपैथिक चिकित्सालयों की बैठक कर की समीक्षा

एजेंसी

**मीरजापुर** । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति, जिला स्वास्थ्य समिति सहित होम्योपैथिक चिकित्सालयों की स्थिति व यूनीसेफ के कार्यो की सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। जिला आयुष समिति की बैठक में निमार्णाधीन आयुष चिकित्सालयों के प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए समय से पूर्ण कराएं। उन्होंने आयुष चिकित्सको, फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ के स्वीकृत पद के सापेक्ष नियुक्त व रिक्त पदो के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आयुष विभाग द्वारा 21 जून 2025 को होने वाले योग दिवस के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुए भव्य कार्यक्रम कराए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि योग दिवस के दिन उक्त स्थल पर सभी विभागो के स्टाल भी लगाए तथा योग दिवस में अधिक से अधिक



लोग शामिल हो सके इसके लिए पूर्व से प्रचार प्रसार कराया जाए। हौम्योपैथिक अस्तपतालो उपलब्ध सुविधाओ व भवनो की स्थिति के बारे में जानकारी के सम्बन्ध में बताया गया कि जनपद में कुल 25 होम्योपैथ के अस्पताल संचालित है जिसमें कुछ प्राइवेट भवनो में किराए पर संचालित हो रहे ह तथा 07 निमार्णाधीन हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि 19 होम्यौपैथिक अस्तालो के लिए प्रस्ताव बनाते हुए जमीन की मांग पत्रावली तत्काल उपलब्ध कराई जाए। बैठक में आयुष्मान आयोग्य मन्दिर/हेल्थ वेलनेस सेंटर, निमार्णाधीन/अधूरे निमार्णाधीन भवनो की प्रगति, आयुष ग्राम की वार्षिक कार्य योजना सहित अन्य बिन्दुओ पर विस्तृत समीक्षा की गई। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने यूनीसेफ के प्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओ के क्रियान्वयन के सर्वे के रिपोर्ट पर सभी सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यूनीसेफ द्वारा उपलब्ध सूची के अनुसार उन स्थानो/परिवारो से सम्पर्क करते हुए बताई गई कमियो को तत्काल दूर कराया जाए हलिया विकास खण्ड में गर्भवती महिलाओ के रजिस्ट्रेशन, फोलिक एसिड टेबलेट व निश्चय किट के खराब प्रगति पर सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि शत प्रतिशत दवाओ का वितरण न करने व क्षेत्र में भ्रमण न करने वाले आशाओ के विरूद्ध कार्यवाही करे तथा गर्भवती महिलाओ वितरित की जाने वाली दवाई, जांच, नवनिहालो का टीकाकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित कराएं।

## हिमाचल पुलिस के आपसी घमासान में डीजीपी और एसपी शिमला को भेजा गया जबरन छुट्टी पर

एजेंसी

**शिमला।** शिमला में हुए स्वर्गीय विमल नेगी हत्या प्रकरण ने प्रदेश की राजनीति और प्रशासन को हिला दिया है, हाईकोर्ट के आदेश पर अब यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है,न्यू शिमला थाना में दर्ज एफआईआर संख्या 09/2025 को भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 108 और 3(5) के तहत दोबारा इसे दिल्ली में दर्ज किया गया है,सीबीआई ने एसआईटी का घटन किया हैं,डिप्टी एसपी बृजेन्द्र प्रसाद सिंह, इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार और सब-इंस्पेक्टर निलेश सिंह शामिल हैं, इस मामले में जांच को लेकर हिमाचल के डीजीपी और शिमला के एसपी ने अलग अलग लाइन पकड़ी हुई हैं,जिससे जांच में भ्रम की स्थिति बनी और सरकार की छवि को गहरा झटका लगा है,नतीजतन, सरकार ने इन दोनों को अधिकारियों को जबरन छुट्टी पर भेज दिया है,शिकायतकर्ता किरन नेगी ने एफआईआर में बताया कि उनके पति विमल नेगी को बार-बार धमकियां मिल रही थीं। उन्हें जानबूझकर एक साजिश के तहत निशाना बनाया गया, एफआईआर में कुछ उच्च अधिकारियों और बाहरी तत्वों की भूमिका पर भी संदेह जताया गया है, अब ऐसे में सीबीआई इस मामले की पूरी जांच कर रही है देखना यह होगा कि सीबीआई क्या पीड़ित परिवार को न्याय दिलवा पाती है और ऐसे में डीजीपी हिमाचल और एसपी शिमला के बीच में जो मतभेद खुलकर सामने आए हैं क्या उससे भी सीबीआई पर्दा उठा पाएगी या नहीं यह भी महज एक जांच बनकर ही रह जाएगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा, ऐसे में सीबीआई की के लिए भी यह जांच आसान नहीं होने वाली है,कुछ दिन पहले ही एसपी शिमला संजीव गांधी ने कहा था कि अगर उनको अपमानित किया गया तो वह नौकरी छोड़ना पसंद करेंगे, एसपी शिमला संजीव गांधी अपने दबंग अंदाज के लिए जान जाते रहे हैं इससे पहले संजीव गांधी जब जिला कांगड़ा के एसपी थे तब भी उन्होंने नशा तस्करों के खिलाफ और खनन माफिया के खिलाफ एक अभियान छेड़ रखा था जिसको आम जनता ने काफी सराहा भी था अब इस बार देखना होगा कि एसपी और डीजीपी की इस जंग में जनता का समर्थन किसे मिलता है।

### दक्षिण कोरियाई नौसेना का गश्ती विमान दुर्घटनाग्रस्त

**पोहांग।** दक्षिण कोरियाई नौसेना का एक विमान एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में चार लोग सवार थे, लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि दुर्घटना में कोई हताहत हुआ है या नहीं। नौसेना ने कहा कि यह गश्ती विमान पोहांग स्थित अपने बेस से दोपहर एक बजकर 43 मिनट पर रवाना हुआ था, लेकिन अज्ञात कारण से यह जमीन पर गिर गया। बताया गया हैं कि नौसेना विमान में सवार चारों लोगों की स्थिति और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पोहांग स्थित एक आपातकालीन कार्यालय ने बताया कि स्थानीय निवासियों से एक उड़ती हुई वस्तु के गिरने और धमाके की आवाज की सूचना मिलने के बाद मौके पर बचावकर्मियों और दमकल गाड़ियों को भेजा गया था।

## आईपीएस अधिकारी शालिनी अग्निहोत्री को मिली भारत सरकार में बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हिमाचल की बेटी एवम आम जनता की लोकप्रिय योग्य एसपी आईपीएस अधिकारी शालिनी अग्निहोत्री को केंद्र सरकार ने स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग दिल्ली में डिप्टी सेक्रेटरी नियुक्त किया है,यह नियुक्ति सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के तहत की गई है और कार्यकाल चार वर्षों का रहेगा,शालिनी अग्निहोत्री 2012 बैच की हिमाचल कैडर की आईपीएस हैं और अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्यों के लिए जानी जाती हैं, आम जनता से संवाद करना हो लोगो की मदद करनी हो इसमें एसपी शालिनी



अग्निहोत्री को मुकाबला नहीं है,अभी कांगड़ा में एसपी की सेवाएं दी रही शालिनी अग्निहोत्री द्वारा चलाया गया कार्यक्रम "एसपी को बोलो" की तारीफ आप पूरे हिमाचल में आम जनता से कहीं भी सुन सकते हो, उनके कार्यकाल में नशे के खिलाफ भी एक आंदोलन सा जिला पुलिस ने चला रखा है जिसमें कई नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है, लेकिन अब शालिनी अग्निहोत्री देश की शिक्षा नीति को बेहतर बनाने में योगदान देंगी। हिमाचल के लिए यह गर्व की बात है,और अपने कर्तव्यनिष्ठ कार्यों के लिए जानी जाती हैं, अब वह देश की शिक्षा नीति को बेहतर बनाने में योगदान देंगी, हिमाचल के लिए यह गर्व की बात है,कार्मिक विभाग ने राज्य सरकार से उन्हें तत्काल रिलीव करने के निर्देश दिए हैं ताकि वह अपनी नई ज़िम्मेदारी संभाल सकें।

## यूपी सरकार और ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

▸ भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को नया शैक्षणिक आयाम देगा यह समझौता

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को वैश्विक उत्कृष्टता से जोड़ते यूपी सरकार और ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित मोनाश यूनिवर्सिटी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह एमओयू प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों एवं अध्यापनरत शिक्षकों के लिए शोध-अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को एक नई ऊँचाई देगा।इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा को केवल डिग्री अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की धुरी मानती है। यह साझेदारी राज्य के शिक्षा तंत्र में गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक दृष्टिकोण का समावेश करेगी और युवाओं को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने इस एमओयू को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह बहुआयामी अधिगम, कौशल विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को गति देगा। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के साथ प्रदेश की पूर्व




सहभागिता का उल्लेख करते हुए कहा कि अब मोनाश यूनिवर्सिटी के साथ यह गठबंधन शिक्षा के वैश्विक मानकों की ओर एक और बड़ा कदम है। इस सहयोग का केंद्र गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय होगा जो इस साझेदारी को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलपति को इस उत्तरदायित्व का सफल निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे वैदिक ऋषियों ने ह्रआ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतःह्व का आह्वान किया था, अर्थात विश्व के सभी दिशाओं से शुभ विचार हमारे पास आएं। यह एमओयू उसी भावना की आधुनिक अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को ज्ञान की राजधानी बनाने की दिशा में सरकार संकल्पित है और इस प्रकार की साझेदारियां राज्य को वैश्विक शिक्षा मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाएँगी।इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने एमओयू के विभिन्न पहलुओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि यह सहयोग उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंचों से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा। 1958 में स्थापित मोनाश यूनिवर्सिटी में वर्तमान में 84,000 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। यह विश्व की अग्रणी अनुसंधान आधारित संस्थाओं में से एक है। विश्वविद्यालय के कुलपति जो हिंदी भाषा में निपुण हैं और जिन्होंने बिजनौर (उत्तर प्रदेश) में अपने पूर्व प्रवास के दौरान गहन सामाजिक-सांस्कृतिक समझ विकसित की है ने मुख्यमंत्री से संवाद में कहा कि यह समझौता भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंधों को एक नए शैक्षणिक और सांस्कृतिक आयाम पर ले जाएगा। उन्होंने इसे केवल एक औपचारिक संधि नहीं, बल्कि दो लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राष्ट्रों के बीच बौद्धिक संवाद का नया अध्याय बताया।

## पंजीयन कैम्प व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

एजेंसी

**मीरजापुर।** विन्ध्य विश्वविद्यालय, देवरी कलाँ, मड़िहान परिसर में पंजीयन कैम्प एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं विन्ध्य विश्वविद्यालय की कुलपति शोभा गौड़ की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने आयोजित कैम्प का फीताकाटकर उद्घाटन किया तथा बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं पर संक्षिप्त चर्चा करते हुये मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना तथा कन्या विवाह सहायता योजना के लाभार्थियों को हित लाभ का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 निर्माण श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि श्रमिको व उनके बच्चो के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं का विभिन्न माध्यमो से प्राथमिकता पर प्रचार प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक लोगो का पंजीकरण कराएं ताकि वे योजना का लाभ ले सकें। इसके पूर्व सहायक श्रमायुक्त सुविज्ञ सिंह द्वारा निमार्णाधीन विश्वविद्यालय में कार्यरत निर्माण श्रमिकों हेतु पंजीयन कैम्प पर विस्तार से चर्चा करते हुये बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही अटल आवासीय विद्यालय पर जानकारी देते हुये बताया कि नवोदय विद्यालय जैसा ही निर्माण श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों हेतु गुरमुरा सोनभद्र में अटल आवासीय विद्यालय संचालित है, जहां निर्माण श्रमिकों के बच्चे प्रवेश परीक्षा पास कर कक्षा 06 से 12 तक निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

# एशियाई ऑल-स्टार्स ने प्रदर्शनी मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मैनचेस्टर यूनाइटेड को बुधवार को कुआलालंपुर स्थित बुकित जलिल मैदान में खेले गए एक प्रदर्शनी फुटबॉल मुकाबले में दक्षिण-पूर्व एशिया के चुनिंदा खिलाड़ियों की टीम एशियन ऑल-स्टार्स से 0-1 की हार झेलनी पड़ी। म्यांमार की पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान मौंग मौंग ल्विन ने 71वें मिनट में एकमात्र गोल कर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। कोच रुबेन अमोरीम की टीम को मुकाबले की अंतिम सीटी बजने के बाद दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। कुछ



समर्थक तो मुकाबला समाप्त होने से पहले ही मैदान छोड़कर चले गए।मैच के बाद अमोरीम ने कहा, हम धीमी गति से खेले और हमारे अंदर अभी यह भावना नहीं है कि हम हर अभ्यास सत्र या हर खेल में जीत दर्ज करें। दर्शकों की नाराजगी जरूरी है, ताकि हमें अपनी कमियाँ समझ में आएं। 32 डिग्री सेल्सियस (90 फॉरेनहाइट) की गर्मी में शुरू हुए इस मुकाबले के पहले भाग में दक्षिण-पूर्व एशियाई खिलाड़ियों की टीम अधिक आक्रामक नजर आई। 16वें मिनट में उनका एक प्रयास गोल के पास से निकल गया, जबकि यूनाइटेड के रक्षक गोलपाल (गोलकीपर) आंद्रे ओनाना ने एक शानदार नीचे जाती हुई गेंद को रोककर दर्शकों का दिल जीत लिया। किशोर मिडफील्ड खिलाड़ी कोबी मैनू ने यूनाइटेड के लिए पहला वास्तविक अवसर 25 गज से मारा, जिसे प्रतिद्वंद्वी गोलपाल ने बाहर भेज दिया। 38वें मिनट में उनका एक और प्रयास रेखा से पहले ही रोक लिया गया। दूसरे भाग की शुरूआत में कप्तान ब्रूनो फर्नांडेस को मैदान में उतारा गया, जिनकी एक हाफ-वॉली ने थोड़ी ऊर्जा दिखाई, लेकिन परिणाम नहीं बदल सका। अर्जेंटीना के युवा विंगर एलेजांद्रो गारनाचो, जो संभवतः क्लब छोड़ सकते हैं, ने बेंच से उतरने के बाद कुछ तीव्रता जरूर लाई, लेकिन वह भी व्यर्थ रही।

## बोपन्ना, बालाजी और भांबरी फ्रेंच ओपन टेनिस के दूसरे दौर में पहुंचे

एजेंसी

**पेरिस ।** भारत के रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी व युकी भांबरी ने युगल मुकाबलों में अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ जीत हासिल कर फ्रेंच ओपन टेनिस टूनार्मेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया है। बोपन्ना और चेक गणराज्य के उनके जोड़ीदार एडम पावलासेक ने पहले दौर में रॉबर्ट कैश और जेजे ट्रेसी की अमेरिकी की जोड़ी को 7-6, 5-7, 6-1 से हराया। बोपन्ना और पावलासेक ने दो घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में चार बार विरोधी जोड़ी की सर्विस तोड़ी और अपनी पहली सर्विस पर 68 प्रतिशत अंक जीते। वहीं भारत के बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वारेला ने पहले दौर में एक घंटे से भी कम समय में चीन के युनचाओकेट बू और अर्जेन्टीना के कैमिलो उगो



काराबेली को 6-2, 6-1 से हराया। बालाजी और मिगुएल की जोड़ी ने शुरूआत से ही दबाव बनाते हुए चार ऐस लगाए और अपनी पहली सर्विस पर 81 प्रतिशत अंक जीते। इस जोड़ी ने 10 में से चार ब्रेक अंक का लाभ उठाया। वहीं इससे पहले पुरुष युगल में भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गैलोवे ने रोबिन हास और हेंड्रिक जेबेन्स को 6-3, 6-7, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के लिए रवाना

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 28 मई की रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए रवाना हो गई। यह चरण 7 से 22 जून के बीच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेला जाएगा।भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरूआत नीदरलैंड के खिलाफ दो लगातार मुकाबलों से करेगा, जो 7 और 9 जून को वागनेर स्टेडियम, एम्सटेलवीन में खेले जाएंगे। इसके बाद 11 और 12 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ डबल हेडर मुकाबले होंगे, जिनका आयोजन भी एम्सटेलवीन में ही होगा। टीम इसके बाद बेल्जियम के एंटवर्प रवाना होगी, जहां 14 और



15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। इसके बाद भारत 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगा।टीम के रवाना होने से पहले कप्तान और अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा, यह यूरोपीय चरण हमारे लिए बेहद अहम है क्योंकि हमें दुनिया की कुछ बेहतरीन टीमों से भिड़ना है। भुवनेश्वर चरण में हमारे कुछ मिश्रित नतीजे रहे थे, लेकिन हम अंक तालिका में अच्छी स्थिति में हैं और अब हम इस प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य अधिकतम अंक जुटाकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करना है। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, ह्यपिछ्ले कुछ हफ्तों में हमारा ट्रेनिंग कैंप काफी प्रभावी रहा है। मुझे भरोसा है कि खिलाड़ी यूरोप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। टीम का माहौल काफी सकारात्मक है और सभी एक-दूसरे को बेहतर खेलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ये मुकाबले हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खुद को परखने का बेहतरीन मौका देंगे। भारत इस समय अंक तालिका में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और उसकी निगाहें एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए जगह बनाने पर टिकी हैं।

## ऋषभ ने अपील वापस लेकर अपने गेंदबाज का अपमान किया : अश्विन

एजेंसी

**चेन्नई ।** अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की आलोचना करते हुए कहा है कि उन्होंने अपने गेंदबाज दिग्वेश राठी की अपील वापस लेकर उनका अपमान किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अंतिम लीग मैच में दिग्वेश राठी ने आरसीबी के कार्यवाह कप्तान जितेश शर्मा को नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रन आउट करने का प्रयास किया था पर कप्तान ने उनकी अपील वापस ले ली। वहीं कमेंटेटरों और सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने इस



कदम को खेल भावना का अच्छा उदाहरण करार दिया पर अश्विन इससे सहमत नहीं हैं। उनका मानना है कि कप्तान ने अपील वापस लेकर अपने गेंदबाज का मनोबल तोड़ा है जबकि कप्तान का काम तो अपने खिलाड़ियों का समर्थन करना होता है। कप्तान का काम गेंदबाज को छोटा महसूस कराना नहीं होता। इस प्रकार अपील को वापस लेने का फैसला नहीं करना चाहिए था। अश्विन ने इसके साथ ही आईपीएल 2020 की घटना को याद करते हुए कहा कि उन्होंने इसी प्रकार बटलर को नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रन आउट किया था पर उसके अगले साल वह दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हुए और उनकी टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उन्हें बताया कि किसी भी खिलाड़ी को नॉन-स्ट्राइकर एंड पर रन आउट नहीं करेगा। तब उन्होंने इस फैसले को मानने से इंकार कर दिया था।

## इंग्लैंड दौरे में युवा खिलाड़ियों की असली परीक्षा होगी : पुजारा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि इंग्लैंड दौरे में भारतीय टीम के युवा खिलाड़ियों की असली परीक्षा होगी। पुजारा के अनुसार विराट कोहली और रोहित शर्मा के नहीं होने से अब सारा भार युवा बल्लेबाजों पर ही रहेगा। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल और उपकप्तान की जिम्मेदारी ऋषभ पंत को मिली है। भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड दौरा कभी भी आसान नहीं रहा है। उसने अब तक इंग्लैंड में 19 में से केवल तीन सीरीज ही जीती हैं जिसमें अंतिम बार 2007 में उसे राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीत मिली थी। उन्होंने कहा, भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज हमेशा से ही चुनौती पूर्ण रही है। इसमें 19 सीरीज में से केवल 3 में



ही जीत मिल है जिससे पता चलता है कि इंग्लैंड के हालातों में खेलना कितना कठिन होता है। एक युवा टीम के साथ, यह दौरा भारतीय क्रिकेट के लिए एक अहम मोड़ होगा। मैं यह देखने के लिए उत्साहत हूं कि यह समूह किस तरह से इस अवसर पर आगे बढ़ता है और भविष्य के लिए नए मानक स्थापित करता है। भारतयीय टीम को यहां हैडिंग्ले, एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और द ओवल में पांच टेस्ट खेलने हैं।

## विराट ने डब्ल्यूबीएल में किया निवेश

**मुंबई ।** हाल ही में टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने वाले भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने विश्व बॉलिंग लीग (डब्ल्यूबीएल) में निवेश किया है। विश्व बॉलिंग लीग ने हाल ही में एमएलबी सुपरस्टार और तीन बार की विश्व सीरीज चैंपियन मूकी बेट्स की टीम ओएमजी को लीग की पहली फ्रेंचाइजी बनाया है। विराट ने कहा, मैंने 11 साल की उम्र में बॉलिंग शुरू की थी एक साल के अंदर द को स्पिन करना सीख गया था। उन्होंने कहा, यह तय है कि यह खेल काफी लोकप्रिय है पर इसे व्यावसायिक रूप अधिक सराहा नहीं गया है। बॉलिंग को फिर से परिभाषित करने के लिए आदि के मिश्रा का रवैय काफी अनौखा है। इसलिए ई1 सीरीज में टीम ब्लू राइजिंग के साथ सफलता के बाद मैं एक निवेशक और भागीदार के रूप में डब्ल्यूबीएल से जुड़कर उत्साहित हूं।

## अंडर 14 टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

पंच संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज ।** रिवोल्यूशन स्पोर्टस के तत्वावधान में चार दिवसीय समर कप अन्डर 14 टी- 20 क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज गुरुवार को मैकलुस्कीगंज के सखुआ टांड स्थित राजा बंगला में किया। मौके पर उपस्थित झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ सहदेव, पूर्व अंतराष्ट्रीय वालीबाल कोच शेखर बोस, मिहिर टोप्पो कामेश्वर प्रसाद सएच पी सिंह नितेश सहदेव निशांत सिंह राजीव वर्मा सत्यम कुमार विशाल शर्मा सचिन गिरी ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया। चार दिनों चलने वाले इस टूनार्मेंट में जमशेदपुर के कदमा क्रिकेट अकादमी, पटना की ईशान किशन अकादमी अकादमी एवं रांची के हरमू यूथ क्लब, अरविंदो यूथ क्लब की क्रिकेट टीम हिस्सा



ले रही है। प्रत्येक टीम तीन - तीन मैच एक खेलेगी। 1 जून को इस टूनार्मेंट का फाइनल खेला जाएगा। इस का उद्घाटन मैच ईशान किशन अकादमी और हरमू यूथ के बीच खेला गया जिसमें हरमू यूथ ने 9 विकेट से जीत दर्ज की पहले बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन अकादमी ने 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 96 रन ही बना पाई प्रभु ने 27 रन की पारी खेली आदित्य ने 16 रन देकर 2 खिलाड़ियों को आउट किया जवाबी पारी खेलने उतरी हरमू यूथ की टीम ने 11.2 ओवरों में 1 विकेट खोकर 97 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए आयुष ने नाबाद 49 और दिव्यम ने नाबाद 21 रन बनाए। दिन के दूसरे मुकाबले में अरविंदो क्रिकेट क्लब ने कदमा क्रिकेट क्लब को 87 रनों से हरा दिया पहले बल्लेबाजी करते हुए अरविंदो की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 2 विकेट खोकर 178 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया टीम के लिए हिमांशु ने नाबाद 89 रन और आशीष ने नाबाद 35 रन की पारी खेली। मनीष और अक्षत को 1-1 विकेट प्राप्त हुआ। जवाब में कदमा क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 19 ओवरों में 91 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टीम के लिया अंशित शौर्य ने 32 और मनीष ने 26 रन का योगदान दिया प्रिंस ने 12 रन देकर 4 तथा उत्सव ने 33 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किए।

## आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक पर बरकरार हैं रूट

▸ शीर्ष दस में भारत के यशस्वी ओर ऋषभ

एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट पहले स्थान पर बने हुए हैं। रुट रूट 888 रेटिंग अंक के साथ पहले स्थान पर हैं। वहीं दूसरे नंबर पर हैरी ब्रूक हैं। हैरी के 873 रेटिंग अंक हैं। रूट और हैरी के बीच 15 अंकों का ही अंतर है ऐसे में अगले माह भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज में हैरी के पास पहला नंबर हासिल करने का अवसर है। वहीं



शीर्ष पांच की बात की जाये तो जो रूट और हैरी ब्रूक के अलावा इस सूची में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन 886 हैं। इसमें भारत के यशस्वी जायसवाल 847 अंक और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 823 अंक भी शामिल हैं। शीर्ष-10 में एक ओर भारतीय खिलाड़ ऋषभ पंत भी शामिल हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने वाले बेन डकेट, जैक क्रॉली और उप-कप्तान ओली पॉप भी टेस्ट रैंकिंग में ऊपर आये हैं। डकेट दो पायदान के लाभ के साथ ही 13वें, पोप छह पायदान उछलकर 22वें और क्रॉले आठ स्थान के लाथ के साथ ही 33वें स्थान पर हैं। भारतीय टीम को अगले महीने 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैच की टी20 सीरीज खेलनी है, इस सीरीज के बाद टेस्ट रैंकिंग में काफी बदलाव आ सकते हैं। इस सीरीज में यशस्वी अगर बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो वह रैंकिंग में ऊपर आ सकते हैं। इसी सीरीज से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की भी शुरूआत होगी।

## बचपन के कोच ने दिया था फिटनेस पर जोर : जडेजा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा है कि उसके क्रिकेट करियर में दो महेंद्रों की भूमिका अहम रही है। इसमें एक उनके बचपन के कोच महेंद्र सिंह चौहान और दूसरे भारतीय टीम के कप्तान रहे महेन्द्र सिंह धोनी हैं। पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन से बातचीत के दौरान जडेजा ने कहा कि जब उन्होंने खेलना शुरू किया था। तब उनके कोच महेंद्र सिंह चौहान थे। वहीं बाद में कप्तान रहे महेन्द्र सिंह धोनी ने उन्हें आगे बढ़ने प्रेरित किया। जडेजा ने कहा कि उनके कोच एक पुलिस अधिकारी थे, उनकी सोच थी कि एक खिलाड़ी की फिटनेस सबसे बेहतर होनी



चाहिये। उनका मानना था कि बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए बहुत दौड़ना पड़ता है। मेरी फिटनेस और फील्डिंग कौशल जामनगर में 15 से 20 किलोमीटर दौड़ने के कारण आया है। इस दौरान जब अश्विन ने जडेजा से धोनी को लेकर अपनी बातें एक शब्द में ही कहने की बात की तो जडेजा ने कहा कि उनकी महानता को एक शब्द में बयान नहीं किया जा सकता। वह सभी से ऊपर हैं। जडेजा ने इसके अलावा टेस्ट कप्तान विराट कोहली के बारे में भी बात की। जडेजा ने बताया कि कोहली का सकारात्मक रवैया उन्हें दूसरों से अलग करता है। विराट हमेशा चाहते थे कि टीम टेस्ट मैच में 20 विकेट ले। वह कभी हार नहीं मानते, चाहे तीन घंटे का सत्र हो या 45 ओवर बचे हों, वह फिर भी विपक्षी टीम के सभी 10 विकेट लेना चाहते थे।

## एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के लिए देश के शीर्ष सर्फर तैयार

एजेंसी

**मंगलुरु।** भारत की सर्फिंग दुनिया की नजरें एक बार फिर कर्नाटक के तटीय शहर मंगलुरु पर टिकी हैं, जहां शुक्रवार से तन्निरभवी इको बीच पर छठा एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग (एनएमपीए आईओएस) शुरू होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 30 मई से 1 जून 2025 तक आयोजित की जाएगी और 2025 नेशनल सर्फिंग चैंपियनशिप सीरीज का दूसरा पड़ाव होगी। सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन की ओर से आयोजित और मंतर सर्फ क्लब की मेजबानी में इस प्रतियोगिता को सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का समर्थन प्राप्त है। यह संस्करण न केवल नेशनल चैंपियनशिप सीरीज का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि देश के सर्वश्रेष्ठ सर्फरों के लिए कीमती रैंकिंग अंक अर्जित करने



का भी अवसर है। तीन दिन की प्रतियोगिता में 50 से अधिक शीर्ष सर्फर हिस्सा लेंगे, जो चार श्रेणियों में मुकाबला करेंगेः मेन्स ओपन, विमेन्स ओपन, अंडर-16 (लड़के) और अंडर-16 (लड़कियां)। इस बार की मुख्य झलकियों में से एक है डिफेंडिंग नेशनल चैंपियन रमेश बुडिहाल और किशोर कुमार की वापसी, जो पिछले संस्करण से चूक गए थे, लेकिन इस बार पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेंगे। वे हरीश मुथु, कमली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमणि जैसे शीर्ष सर्फरों के साथ मैदान में उतरेंगे, जिन्होंने 2024 में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप और मरुहाबा कप जैसे प्रतिष्ठित इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन किया था। इन खिलाड़ियों के योगदान से भारत ने पिछले साल एशिया में 5वां स्थान हासिल किया और एची-नागोया 2026 एशियन गेम्स के लिए दो कोटा भी सुनिश्चित किए। इस वर्ष की प्रतियोगिता को और रोमांचक बनाता है लहरों का पूवार्नुमान, जिसमें 10 से 12 फीट ऊंची लहरों की संभावना जताई गई है। ये विशाल लहरें सर्फरों की तकनीक, सहनशक्ति और रणनीति की कड़ी परीक्षा लेंगी। अरब सागर में चक्रवाती गतिविधि और अस्थिर मौसम के चलते समुद्र की स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, जिससे कार्यक्रम की समय-सारणी भी प्रभावित हो सकती है। बढ़ती चुनौती का असर राष्ट्रीय रैंकिंग पर भी पड़ेगा, खासकर जब एशियन सर्फ चैंपियनशिप 2025 निकट है, जो 2026 एशियन गेम्स के लिए क्वालीफायर भी है। इस साल की प्रतियोगिता मूल रूप से ससीहितलू बीच पर आयोजित की जानी थी, लेकिन मौसम और लहरों की अनुकूल स्थिति न होने के कारण इसे टन्नीभावीं इको बीच स्थानांतरित कर दिया गया। वर्षों से इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग का पर्याय बन चुका ससीहितलू इस बार मेजबान नहीं रहेगा, लेकिन नया स्थल समान लहर गुणवत्ता के साथ-साथ खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष और मंत्रा सर्फ क्लब के निदेशक राममोहन परांजपे ने कहा, हम मंगलुरु के तट पर छठा एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग लेकर आने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। 10-12 फीट की लहरों और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की उपस्थिति इस प्रतियोगिता को बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धी बनाएगी।




पेरिस के रौला गैरा में महिलाओं के युगल मुकाबले में खेलती हुई ग्यो हनायू व शिबहारा इना।

### खास खबर

#### एलिमिनेटर मैच रद्द हुआ तो बाहर होगी मुम्बई

मुम्बई । आईपीएल में क्वालीफायर मुकाबले शुरू हो रहें हैं और अगले माह की शुरूआत में ही इसकी नई विजेता सामने आ जाएगी। क्वालीफायर-1 में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स का मुकाबला होगा जबकि जबकि शुक्रवार को होने वाले एलिमिनेटर में चैंपियन गुजरात टाइटंस का मुकाबा पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस से होगा। वहीं अगर इस मैच में बारिश हो गयी या किसी और कारण से मैच नहीं हो पाता है तो लीग स्तर में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम बाहर हो जाएगी। लीग स्तर पर पंजाब और आरसीबी पहले और दूसरे जबकि गुजरात तीसरे और मुंबई चौथे स्थान पर रही थी। इससे साफ है कि मैच रद्द हुआ तो मुंबई इंडियंस बिना खेले ही बाहर हो जाएगी। इसका कारण है कि क्वालीफायर-1 और एलिमिनेटर के लिए कोई अतिरिक्त दिन नहीं रखा गया है हालांकि क्वालीफायर-2 और फाइनल मैच के लिए रिजर्व दिन रखा गया है।

#### बांग्लादेश टीम वापसी करेगी : लिटन दास

**लाहौर।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान लिटन दास ने कहा है कि उनकी टीम संतुलित है और विश्व की किसी भी टीम को हराने में सक्षम है। लिटन ने कहा कि उनकी टीम को पाक के खिलाफ पहले एकदिवसीय में हार का सामना जरुर करना पड़ा है पर वह वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार है। पाक ने पहले मैच में हसन अली की शानादर गेंदबाजी से बांग्लादेश को पहले एकदिवसीय में 37 रनों से हरा दिया था। लिटन ने कहा कि यूएई के खिलाफ खराब प्रदर्शन से टीम उबर गयी है। साथ ही कहा कि ये एक नई सीरीज है। पिछले सीरीज में अपने स्तर पर नहीं थे। बांग्लादेश को हाल ही में यूएई के खिलाफ तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि शुरूआत में उसे 1-0 की बढ़त मिली थी। इस हार के बाद टीम की कड़ी आलोचना भी हुई थी। लिटन ने कहा कि यह एक अलग तरह का खेल है। हमें विश्वास है कि हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं। हमारा ध्यान विपक्षी टीम पर नहीं, बल्कि अपने खेल पर है। परिणाम हमेशा हमारे पक्ष में नहीं होते पर यह ज्यादा अहम है कि हम खेल को कैसे आगे ले जाते हैं।

#### बांग्लादेश में दो क्रिकेटर मैदान में ही भिड़े

**मीरपुर।** बांग्लादेश के मीरपुर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रिकेट मैच के दौरान दो खिलाड़ियों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इस दौरान बीच में आये अंपायर से भी धक्कामुक्की हुई है। ये मामला बांग्लादेश की पारी के 104वें ओवर के दौरान हुई जब बांग्लादेश के रिपन मोंडल और दक्षिण अफ्रीका के त्शेपो एंटलुली के बीच झड़प हो गयी। रिपन ने एंटलुली के ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाया। इसके बाद वह गेंदबाज एंटलुली के पास पहुंचे और उन्हें धक्का दे दिया, जिससे विवाद बढ़ गया। रिपन ने कई बार एंटलुली को धक्का देने का प्रयास किया हालांकि दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी पर जब रिपन नहीं रुके तो एंटलुली ने रिपन का हेलमेट खींच लिया। जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मारपीट शुरू हो गयी। इस दौरान बीच में आये अंपायर्स से भी बदसलूकी हुई।



## कपिल शर्मा कॉमेडी शो के तीसरे सीजन की घोषणा, कई बड़े नाम शामिल

कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पिछले दो सीजन ने दर्शकों को खूब हंसाया था। अब कपिल शर्मा का यह शो अपने तीसरे सीजन के साथ फिर से हंसी-ठिठोली का डोज लेकर आ रहा है। इस सीजन में कई सरप्राइज कर देने वाले चेहरों का दीदार होने वाला है। कॉमेडियन और एक्टर कपिल ने वीडियो के जरिए शानदार अंदाज में सभी कलाकारों को आमंत्रण दिया है। देखें कब और किन कलाकारों के साथ आ रहे कपिल।

### इस दिन आ रहा नया सीजन

कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो के तीसरे सीजन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में कपिल शर्मा शो के सभी कलाकारों को फोन करके उसके नए सीजन की जानकारी दे रहे हैं और उनसे पूछ रहे हैं कि क्या नया किया जा सकता है। यह नया सीजन नेटफ्लिक्स पर 21 जून से स्ट्रीम होगा। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है, 'हंसी आउट ऑफ कंट्रोल होगी क्योंकि कपिल और उनकी टीम एक बार फिर वापस आ गई है। अब हर फनीवार, बढ़ेगा हमारा परिवार 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन के साथ।'

### सुनील ग्रोवर की हो रही वापसी

शेयर किए गए वीडियो पोस्ट में कपिल शर्मा ने सबसे पहले अर्चना पूरन सिंह को फोन किया और उन्हें शो के नए सीजन के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने मजाकिया अंदाज में अर्चना से कहा कि उन्हें अब बैंक से लोन लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि शो का तीसरा सीजन आ रहा है। इसके बाद उन्होंने अभिनेता कीकू शारदा को फोन करके कहा कि इस बार कुछ अलग करना है। इसके अलावा उन्होंने सुनील ग्रोवर और कृष्णा को फोन कर नए सीजन की जानकारी दी।

### नए अंदाज में दिखेगा यह शो

द ग्रेट इंडियन कपिल शो के पहले सीजन ने सभी दर्शकों को खूब हंसाया था। इसमें सुनील ग्रोवर के गुत्थी किरदार को सभी ने बेहद पंसद किया था। अब इस नए सीजन में कपिल शर्मा के अलावा सुनील ग्रोवर, कृष्णा, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह जैसे नाम शामिल हैं। दर्शक इस नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित दिख रहे हैं और इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# फिल्म स्पिरिट में प्रभास के अपोजिट पहली बार नजर आएंगी तृप्ति डिमरी

**कुछ वक्त पहले खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण फिल्म स्पिरिट में नजर आएंगी। इसके लिए उन्होंने तगड़ी फीस ली है। फिर बाद में खबर आई कि दीपिका ने फिल्म छोड़ दी है। हालांकि, दीपिका ने फिल्म छोड़ी या उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया, यह स्पष्ट नहीं है। मगर, इन खबरों के बीच स्पिरिट के मेकर्स ने फिल्म की हीरोइन के नाम का एलान कर दिया है। तृप्ति डिमरी इस फिल्म में फीमेल लीड रोल निभाएंगी।**



टी-सीरीज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ फिल्म स्पिरिट में तृप्ति डिमरी को लिए जाने का एलान किया है। पोस्ट के साथ लिखा है, एक दमदार नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी आ गई है! हमें अपनी महत्वाकांक्षी पैन-वर्ल्ड फिल्म स्पिरिट में तृप्ति डिमरी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, जिसमें प्रभास लीड रोल कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वंगा कर रहे हैं।

### पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे प्रभास

टी-सीरीज और भद्रकाली पिक्चर्स की स्पिरिट को भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। इसमें प्रभास एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। तृप्ति डिमरी भी अहम किरदार में नजर आएंगी। फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन में है। इसी साल इसकी शूटिंग शुरू होगी। तृप्ति डिमरी ने भी फिल्म का हिस्सा बनने पर खुशी जताई है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर लिखा है, बहुत शुक्रगुजार हूं इस विश्वास से भरी यात्रा के लिए। फैंस तृप्ति को फिल्म के लिए बधाई दे रहे हैं।



## विक्रांत मैसी ने श्री श्री रविशंकर प्रसाद पर आधारित थ्रिलर फिल्म की तैयारी शुरू की

प्रभावशाली सिनेमा के पीछे दूरदर्शी निर्माता महावीर जैन और वैश्विक अपील वाली अत्याधुनिक फिल्में देने के लिए मशहूर सिद्धार्थ आनंद की मार्फ़्लिक्स पिक्चर्स, फिल्म व्हाइट बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं, एक अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर जो विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर प्रसाद के जीवन और शिक्षाओं पर गहराई से प्रकाश डालती है। विक्रांत मैसी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म व्हाइट में मनोरंजक कहानी और गहन आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि का मिश्रण होने का वादा किया गया है, जो सामाजिक रूप से जागरूक और वैश्विक रूप से प्रासंगिक फिल्म निर्माण में एक साहसिक अध्याय की नई शुरुआत करेगी। फिल्म की टीम ने अब इसकी गहन तैयारी शुरू कर दी है, जो एक प्रामाणिक और इमर्सिव सिनेमाई यात्रा की नींव रखेगी। इस तैयारी के हिस्से के रूप में, महावीर जैन ने व्यक्तिगत रूप से बेंगलुरु में आर्ट ऑफ़ लिविंग आश्रम की एक महत्वपूर्ण दौरा किया। प्रशंसित अभिनेता विक्रांत मैसी, जो श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभा रहे हैं, उन्होंने प्रतिष्ठित हैप्पीनेस प्रोग्राम में भाग लिया, जो श्री श्री रविशंकर प्रसाद द्वारा स्वयं स्थापित एक सिग्नेचर ब्रीदवर्क और मेडिटेशन कोर्स है। आश्रम से साझा की गई एक तस्वीर इस शांतिपूर्ण क्षण को खूबसूरती से दर्शाती है, जिसमें पूरी टीम सफेद वस्त्रों में आध्यात्मिकता की भावना को समर्पित नज़र आती है। कैप्शन में लिखा है, हृदय कृतज्ञता से भरा हुआ इस ज्ञान के लिए आभारी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर प्रसाद। परियोजना के मूल में गहरी श्रद्धा और कृतज्ञता को दर्शाता है।

मोंटू बासी द्वारा निर्देशित यह फिल्म जुलाई में कोलंबिया में शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार है, व्हाइट महावीर जैन फिल्म्स और मार्फ़्लिक्स पिक्चर्स का एक महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी प्रयास है। सामाजिक प्रभाव और भव्य सिनेमा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, महावीर जैन और सिद्धार्थ आनंद ऐसे फिल्में बना रहे हैं जो आकार, गहराई और सामाजिक चेतना इ तीनों को साथ लेकर चलती हैं।

## सुपरनैचुरल शो 'जादू तेरी नजर- डायन का मौसम' में मोनालिसा की एंट्री



स्टार प्लस का नया शो 'जादू तेरी नजर - डायन का मौसम' अपने रहस्यमयी और रोमांचक ट्विस्ट के चलते पहले ही दर्शकों के बीच चर्चा में है। अब इस शो में होने जा रही है एक धमाकेदार एंट्री–टीवी और भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मोनालिसा की, जो एक बेहद अहम और चौंकाने वाले किरदार में नजर आएंगी। शो की कहानी एक बहादुर लड़की गौरी की है, जिसके पास कुछ छिपी हुई जादुई शक्तियां हैं। गौरी इन ताकतों के सहारे उस अंधेरे से लड़ रही है, जो उसके परिवार और पूरी दुनिया को अपने कब्जे में लेने की ताक में है। भारतीय लोक कथाओं की रहस्यमयी दुनिया से प्रेरित यह फैंटेसी ड्रामा हर एपिसोड के साथ नए राज और मोड़ों को सामने लाता है। अब इसी कहानी में मोनालिसा की एंट्री से बड़ा भूचाल आने वाला है। स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'नज़र' में दर्शकों का दिल जीत चुकीं मोनालिसा एक बार फिर सुपरनैचुरल दुनिया में वापसी कर रही हैं-इस बार एक नए, बोल्ड और रहस्यमयी अवतार में। मोनालिसा ने अपनी वापसी पर कहा, इस रोमांचक शो का हिस्सा बनकर मैं बेहद उत्साहित हूं। यह किरदार मेरे लिए बहुत खास है और मैं वादा करती हूं कि मेरी एंट्री के बाद कहानी में ऐसे ट्विस्ट आएंगे जिनकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।

# नेपोटिज्म पर खुलकर बोले तुषार



बॉलीवुड में नेपोटिज्म और स्टार किड्स को लेकर अक्सर बहस होती रहती है। लेकिन इस बार खुद एक स्टार किड ने अपने अनुभव शेयर करते हुए सभी को चौंका दिया है। हम बात कर रहे हैं एक्टर तुषार कपूर की, जो 70 और 80 के दशक के दिग्गज अभिनेता जितेंद्र के बेटे हैं। तुषार कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने संघर्षों और फ्लॉप करियर को लेकर दिल खोलकर बात की।

तुषार कपूर ने एचटी सिटी को दिए इंटरव्यू में कहा है कि भले ही उनका ताल्लुक एक फिल्मी परिवार से रहा हो, लेकिन इंडस्ट्री में उन्हें भी वो सब कुछ झेलना पड़ा, जो किसी आम नए अभिनेता को झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई बार उन्हें सिर्फ इस वजह से जज किया गया क्योंकि वह एक स्टार के बेटे हैं। तुषार ने इंटरव्यू में बताया कि जब वह अपने करियर के शुरुआती दौर में मीडिया के सामने बिना मेकअप या साधारण लुक में जाते थे, तो लोग कहते थे कि वह हीरो जैसे नहीं दिखते। वहीं जब वह अच्छे से तैयार होकर किसी इवेंट में जाते थे, तो उन्हें फिल्मी और नकली कहा जाता था। तुषार ने बताया कि उस समय आलोचनाएं इतनी ज्यादा थीं कि उन्हें खुद पर भरोसा बनाए रखने के लिए बहुत हिम्मत जुटानी पड़ी। साल 2001 में आई उनकी डेब्यू फिल्म 'मुझे कुछ कहना है' बॉक्स ऑफिस पर हिट रही, लेकिन इसके बावजूद तुषार को इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि लोग सोचते हैं कि स्टार किड्स को सब कुछ आसानी से मिल जाता है, लेकिन हकीकत इससे बहुत अलग होती है'। तुषार ने कहा, 'अक्सर लोगों को लगता है कि फिल्मी परिवार से जुड़े लोग खास फायदे में रहते हैं। लेकिन मुझे लगातार अपने पिता जितेंद्र से तुलना का सामना करना पड़ा। लोग मेरी परफॉर्मेंस को मेरे पिता के स्टारडम के तराजू में तौलते रहे।



# निर्देशक जोशुआ सेथुरमन की तमिल फिल्म में नजर आएंगी रवीना टंडन

**बॉलीवुड की 'मस्त-मस्त गर्ल' यानी रवीना टंडन 90 के दशक की उन अभिनेत्रियों में से हैं जो आज भी सक्रिय हैं और फिल्में कर रही हैं। अब रवीना 24 साल बाद तमिल सिनेमा में वापसी करने जा रही हैं। वो निर्देशक जोशुआ सेथुरमन की नई फिल्म में नजर आएंगी। अब निर्देशक ने रवीना के फिल्म में शामिल किए जाने को लेकर बात की है।**

हाल ही में रवीना टंडन के तमिल फिल्म 'लॉयर' में शामिल किए जाने की घोषणा हुई थी। इस फिल्म में तमिल स्टार विजय एंटनी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। अब फिल्म के निर्देशक जोशुआ सेथुरमन ने फिल्म में रवीना के लिए जाने को लेकर बात की। बातचीत में निर्देशक ने कहा, मेरे कुछ दोस्त बॉलीवुड में काम कर रहे हैं, जिनके जरिए मैंने रवीना से संपर्क किया। मैंने उनसे कहा कि जब वह मेरी पहली फिल्म जेंटलवुमेन देखेंगी, तो उन्हें मेरे काम का अंदाजा हो जाएगा। उनके इस फिल्म को देखने के बाद, मैंने तुरंत उन्हें इस फिल्म की कहानी सुनाई और उन्होंने इसमें दिलचस्पी दिखाई।

'लॉयर' के जरिए रवीना टंडन तकरीबन 24 साल बाद तमिल सिनेमा में वापस आ रही हैं। आखिरी बार वो 2001 में आई फिल्म 'आलवंधन' में नजर आई थीं। सुरेश कृष्ण द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कमल हासन, मनीषा कोइराला, अनु हसन, किटू गिडवानी और सरथ बाबू प्रमुख भूमिकाओं में नजर आई हैं।

रवीन टंडन ने अपने करियर में बॉलीवुड के अलावा तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। साउथ की फिल्मों में उनकी सबसे बड़ी हिट फिल्म यश स्टारर कन्नड़ फिल्म 'केजीएफ 2' है। इसमें उनके साथ संजय दत्त भी नजर आए थे। फिल्म में रवीना के अभिनय की काफी तारीफ हुई थी।

### 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगी रवीना

रवीना टंडन के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस तमिल फिल्म के अलावा वो बॉलीवुड की मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 5' और 'इन गलियों में' भी नजर आएंगी।

# सोनाक्षी सिन्हा स्टारर दहाड़ का जल्द आएगा दूसरा सीजन

रीमा कागती और रुचिका ओबेरॉय के निर्देशन में बनी वेब सीरीज दहाड़ को काफी पसंद किया गया था। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, गुलशन देवैया, विजय वर्मा और सोहम शाह नजर आए थे। क्राइम, सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर यह सीरीज 12 मई 2023 को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। अब दहाड़ के सीक्वल पर मुहर लग चुकी है। रिपोर्ट्स के अनुसार सीरीज का दूसरा सीजन जल्द ही आने वाला है। सीरीज की कहानी पर काम शुरू हो चुका है और इसकी शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है। रीमा कागती के साथ मिलकर जोया अख्तर दहाड़ 2 की कहानी लिख रही हैं। सोनाक्षी और गुलशन समेत तमाम सितारे अपने-अपने किरदारों को दोहराते हुए नजर आएंगे। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर ही दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।



## 16वीं मंजिल से छलांग लगाकर की आत्महत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र में रहने वाले एक (20 वर्षीय) युवक ने 16वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को सूचना मिली कि आर्यन शर्मा पुत्र रामानंद शर्मा निवासी जनपद बरेली (20 वर्षीय) जो कि मौजूदा समय में गौर सिटी सेंटर के एक अपार्टमेंट में रहते थे, उन्होंने 16वीं मंजिल की टेरिस एरिया से मानसिक तनाव के चलते छलांग लगा ली। 16वीं मंजिल से नीचे आते हुए वह तीसरी मंजिल पर गिरे। घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरो ने उनको मृत घोषित कर दिया।

मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट और थाना बिसरख पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पंचायत नामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 15 से 20 जून तक योग सप्ताह, 21 को मनायेंगे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतमबुद्धनगर में आगामी 15 से 20 जून तक योग सप्ताह तथा 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यमुना, हिंडन, अमृत सरोवर एवं तालाबों का किनारे योगाभ्यास एक-एक पौधा भी रोपित किया जायेगा।



जनपद में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विगत वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं योग सप्ताह को सभी विभाग अधिकारियों ने टीम भावना के साथ काम करते हुए भव्य तरीके से संपन्न कराया है।

इसी प्रकार इस वर्ष भी 15 जून से 20 जून 2025 तक योग सप्ताह का आयोजन जनपद में व्यापक स्तर पर कराते हुए योग सप्ताह में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, एनसीसी, एनएसए, स्वयंसेवी संस्थाओं, योग संस्थाओं, उद्यमियों एवं जन सामान्य को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिदिन प्रात: योगाभ्यास कराया जाए।

साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को प्रात: 6:00 से 8:00 के मध्य कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास जनपद के पंचायत स्तर, ब्लॉक मुख्यालय, तहसील मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय पर विभिन्न पार्कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों की देखरेख में योगाभ्यास किया जाना सुनिश्चित कराया जाए एवं योग सप्ताह के दौरान योगाभ्यास करते हुए संवाद के माध्यम से जनमानस को योग से होने वाले लाभों के संबंध में परिचित कराया जाए।

बैठक में डीएम ने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजन में पंचायती राज, ग्राम्य विकास, नगरविकास, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं दिव्यांगजन विभाग की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम से पूर्व सभी ग्राम पंचायत एवं नगर निकायों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास के लिए जनपद के प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक महत्व के स्थान, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों, अमृत सरोवरों के किनारे पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चयन में प्रमुखता दी जाए।

उन्होंने हरित योग को लेकर कहा कि हरित योग एक नई पहल है। जो योग के सिद्धांतों को पर्यावरण के संरक्षण की अवधारणा के साथ जोडती है। इसमें प्राकृतिक स्थान पर योग अभ्यास के साथ-साथ पौधारोपण और सफाई अभियानों को भी चलाया जाए।

डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में दो पार्कों का भी चयन किया जाए, जिन्हें योग पार्क के रूप में विकसित किया जा सके। डीएम ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं 15 से 20 जून तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर समय रहते अपने कार्य योजना तैयार करें। बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार केम, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉक्टर प्रीती सिंघल, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह तथा वरिष्ठ योग शिक्षक उपस्थित रहे।

## नोएडा मीडिया क्लब के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस -3 में प्रदीप कुमार गर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पंकज पाराशर पुत्र राजकरण पाराशर निवासी ग्राम सिंघावली अहीर थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत वर्तमान पता सेक्टर पाई-2 थाना बीटा -2 गौतमबुद्धनगर में उसे एक मामले में दबाव बनाकर 20 लाख रुपए की रंगदारी वसूली थी। पुलिस के अनुसार उनके और उनके परिवार के विरुद्ध थाना फेस तीन में एक धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें थाना फेस तीन पुलिस ने साक्ष्य के अभाव में अंतिम रिपोर्ट कोर्ट में प्रेषित की थी।



पत्रकार पंकज पाराशर द्वारा मीडिया में झूठी खबर चलवाकर दबाव बनाकर, उनके विरुद्ध आरोप पत्र लगवाने तथा चैनल पर खबर चलाने की धमकी देकर डरा धमकाकर प्रदीप कुमार गर्ग से 20 लाख रुपए अपने खाते में डलवाए गए थे। उन्होंने बताया कि प्रदीप कुमार की शिकायत पर थाना फेस तीन पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने इस मामले में न्यायालय में चार्जशीट दायर की है। पंकज पाराशर के खिलाफ पूर्व में दर्जनभर से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। वह मौजूदा समय में जेल में बंद है। पंकज पाराशर पर आरोप है कि पंकज पाराशर रंगदारी वसूलने वाले गैंग के कुख्यात बदमाश रवि काना गैंग का सक्रिय सदस्य है।

## नोएडा मेट्रो कार्ड रिचार्ज करना हुआ आसान एनएमआरसी ने शुरू की यूपीआई सेवा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने यात्रियों की सुविधा को बढ़ाते हुए स्मार्ट कार्ड रिचार्ज के लिए नई डिजिटल व्यवस्था शुरू की है। अब यात्रियों को टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम) या काउंटर पर लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी। एनएमआरसी ने सभी मेट्रो स्टेशनों पर यूपीआई आधारित रिचार्ज सुविधा शुरू की है, जिसमें यात्री क्यूआर कोड स्कैन कर अपने कार्ड को आसानी से रिचार्ज कर सकेंगे।



इस सुविधा के तहत यात्री अपने एसबीआई को-ब्रांडेड नोएडा मेट्रो स्मार्ट कार्ड को न्यूनतम 100 रुपये और अधिकतम 2000 रुपये तक रिचार्ज कर सकते हैं। रिचार्ज प्रक्रिया आसान है—कार्ड मशीन पर रखने के बाद स्क्रीन पर रिचार्ज राशि चुननी होगी, जिसके बाद संबंधित राशि का क्यूआर कोड दिखाई देगा। यात्री इसे स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। सफल लेन-देन के बाद तुरंत कार्ड रिचार्ज हो जाएगा और एक रसीद भी प्रदान की जाएगी।

एनएमआरसी के एमडी डॉ. लोकेश एम. ने बताया कि यह पहल भारत सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के अनुरूप है और इसका उद्देश्य मेट्रो यात्रा को अधिक स्मार्ट, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है।

इससे पहले नवंबर 2024 में एनएमआरसी ने सभी 21 मेट्रो स्टेशनों पर क्यूआर कोड टिकटिंग की सुविधा शुरू की थी, जिसे यात्रियों से अच्छा प्रतिसाद मिला था। अब इसी दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए यह नई सेवा शुरू की गई है।

गौरतलब है कि एनएमआरसी की मेट्रो सेवा नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक चलती है और प्रतिदिन करीब 52 हजार यात्री इसका उपयोग करते हैं। मेट्रो लाइन को जल्द ही बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और बोडाकी तक विस्तारित किए जाने की योजना भी है, जिसे राज्य सरकार से मंजूरी मिल चुकी है।

## सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल में समर कैंप का हुआ आयोजन

**नोएडा (चेतना मंच)।** सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विभिन्न प्रकार की मजेदार और शिक्षाप्रद गतिविधियाँ आयोजित की गईं, ताकि उनकी रचनात्मकता और शारीरिक क्षमताओं को बढ़ावा दिया जा सके। इसमें नन्हें चुनमुन कलाकारों ने कला, नृत्य,कहानी सुनाना जैसी अनेक बालसुलभ गतिविधियों में उत्साह पूर्ण सहभागिता निभाई वहीं दूसरी ओर कक्षा 1-5 वीं के बच्चों के लिए निम्नलिखित प्रमुख गतिविधियाँ शामिल थीं।

बच्चों ने सुंदर लेखन कला में हाथ आजमाया। रंग-बिरंगे पेंसिल और ब्रश का उपयोग करके उन्होंने अपने नाम और सरल शब्दों को खूबसूरत तरीके से लिखने का प्रयास किया। इससे उनकी मोटर स्किल्स और शांति से काम करने की क्षमता में सुधार हुआ।

बच्चों ने समूह में खेलों का आनंद लिया, जिसमें दौड़, रस्सी कूद, और अन्य शारीरिक खेल शामिल थे। इसके साथ ही, बच्चों ने नृत्य सिखने और नृत्य में अपनी प्रतिभा दिखाने का भी मौका पाया। इस गतिविधि से उनकी शारीरिक फिटनेस और टीम वर्क की भावना मजबूत हुई। बच्चों ने मिट्टी से विभिन्न आकार और आकृतियाँ बनाई, जैसे जानवर, फूल, और अन्य छोटी चीजें। यह गतिविधि बच्चों के रचनात्मकता और मोटर स्किल्स को बढ़ावा देती है, और उन्हें चीजों को आकार देने की प्रक्रिया से संतुष्टि मिलती है।



बच्चों ने रचनात्मक तरीके से बिना आग के खाना बनाना सीखा। फल, बिस्कुट, और अन्य साधारण सामग्री से वे स्वादिष्ट और स्वस्थ स्नैक्स तैयार करते थे। यह बच्चों को स्वच्छता, स्वावलंबन और जिम्मेदारी का अहसास दिलाता है।

बच्चों ने नाट्य गतिविधियों के माध्यम से अभिनय, संवाद और दृश्यांकन का अनुभव लिया। उन्होंने छोटे-छोटे नाटक और प्रस्तुतियाँ तैयार की, जो उनकी आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देती हैं।

चित्र कला एवं शिल्प कला बाल कलाकारों ने चित्रकला के विभिन्न रूपों को समझा और सीखा। शिल्प कला के सागर में भी डुबकी लगाई।

नृत्य- संगीत नन्हे संगीत प्रेमियों ने इस क्षेत्र में अपने हुनर को और तराशा, नृत्य के विभिन्न रूपों से परिचित हुए व्यक्तित्व निर्माण समाज में सम्मान एवं प्रतिष्ठा के लिए प्रभावशाली व्यक्तित्व होना आवश्यक है। बच्चों ने इस दिशा मे पहला कदम रखा।

विद्यालय की प्रधानाचार्यों श्रीमती उपासना शर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए समर कैंप की उपयोगिता बताई और जीवन में उन्नति करने की कामना की तथा अभिभावकों के सक्रिय सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। विद्यालय में ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास व सफल भविष्य के लिए आवश्यक है ।

## चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कार्यालय पर स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री) की 38वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि चौधरी साहब ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में किसान मजदूर दलित शोषित समाज के लिए सदेव अच्छे कार्य किया। वह एक ऐसे राजनेता थे जो भारतवर्ष की राजनीति में यह दर्शा दिया कि एक गरीब किसान का बेटा भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। उन्होंने ही ग्रामीण विकास मंत्रालय का गठन किया। वह सदैव अपनी बातों में कहते थे कि जब इस देश का किसान खुशहाल होगा तो यहां के व्यापारी और सभी वर्ग खुशहाल होंगे।

इस मौके पर मनवीर भाटी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जसवीर भाटी कपिल नंबरदार नीरज शर्मा ठाकुर जसवीर सिंह विनीत भाटी अनिल नागर सौरभ भाटी अमित गुर्जर विपिन कुमार सुजीत कुमार वेदपाल सचिन लाला जाटव राजू प्रजापति सुमित प्रजापति राकेश वाल्मीकि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेक्टर-11 की समस्याओं को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक



**नोएडा (चेतना मंच)।** आरडब्ल्यूए सेक्टर-11 द्वारा सेक्टर की समस्याओं को लेकर नोएडा पुलिस अधिकारी के साथ एक बैठक की गई।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता एवं दिनेश कृष्णन ने सेक्टर की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारियों से चर्चा की और सेक्टर-11 पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की क्योंकि आए दिन सेक्टर में चोरी की वारदाते हो रही है। स्कूटी, बाइक व घरों में चोरी आम बात होती जा रही है। सेक्टर में काफी सारी जगह ऐसी है जहां पर आवारा किस्म के लोग नशा करते हैं और आने जाने वाले लोगों से बदतमीजी करते हैं। इसी के साथ-साथ ई रिक्शा चालकों ने भी सेक्टर में आम रास्ता बना लिया है जिससे सेक्टरवासियो को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बैठक में उपस्थित डीसीपी नोएडा जोन यमुना प्रसाद में सभी समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि आपकी सभी समस्याओं का समाधान अति शीघ्र करा दिया जाएगा। बैठक उपरांत डीसीपी यमुना प्रसाद ने अन्य पुलिस कर्मियों व आरडब्ल्यूए पदाधिकारी के साथ सेक्टर का दौरा किया और पुलिस को उचित कार्यवाही के दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपस्थित एडीसीपी सुमित शुक्ला, एसीपी विवेक रंजन राय, चौकी प्रभारी राहुल ने अपनी सहमति जताई।

बैठक में फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव के के जैन, आरडब्ल्यूए-11 टीम से विनय मोहन, सतीश कुमार, संजय वर्मा, कुंवर सिंह, राम रूप गोयल, प्रदीप अग्रवाल, रामचंद्र, गिरीश नारंग, सौरभ गुप्ता, राहुल द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

